रीवा

10 दिसंबर 2024 मंगलवार

दैनिक मीडियाऑडीटर

रीवा, सतना से एक साथ प्रकाशित




डब्ल्यूटीसी फाईनल में...

@ पेज 7

# आप कब्जा करेंगे और हम बैठकर लॉलीपॉप खाएंगे : ममता बनर्जी



**कोलकता (एजेंसी)।** ममता बनर्जी ने सोमवार को बांग्लादेशी नेताओं के उस बयान का जवाब दिया जिसमें उन्होंने कहा था कि बांग्लादेश का बंगाल, बिहार और ओडिशा पर अधिकार है। ममता ने कहा

**● बांग्लादेशी नेताओं ने कहा था- बंगाल, बिहार और ओडिशा पर बांग्लादेश का अधिकार**

कि आपको क्या लगता है, आप हमारी जमीन पर कब्जा करने की कोशिश करेंगे तो हम लोग लॉलीपॉप खाते रहेंगे? ममता ने पश्चिम बंगाल विधानसभा को संबोधित करते हुए लोगों से अपील की कि वे बांग्लादेश में दिए जा रहे बयानों से परेशान न हों। उन्होंने जनता को यकीन दिलाया कि पश्चिम बंगाल हमेशा केंद्र के फैसले का समर्थन करेगा। ममता ने लोगों से कहा कि शांत रहें, स्वस्थ रहें और मन की शांति बनाए रखें।

बांग्लादेशी नेता ने कहा था- भारत बांग्लादेश को नुकसान पहुंचा रहा

BNP के जॉइंट जनरल सेक्रेटरी रूहुल कबीर रिजवी ने रविवार को पब्लिक मीटिंग में कहा था कि भारत हर कदम पर बांग्लादेश को नुकसान पहुंचा सकता है। उसने शेख हसीना को इसलिए शरण दी क्योंकि उसे बांग्लादेश के लोग पसंद नहीं हैं। भारत किसी से दोस्ती नहीं कर सकता।

उन्होंने कहा कि अगर भारत चटगांव मांगता है, तो हम बंगाल, बिहार और ओडिशा वापस ले लेंगे। भारत में सांप्रदायिकता बहुत ज्यादा है। शेख हसीना ने दिल्ली के आशीर्वाद से ही बांग्लादेश में 16 साल सरकार चलाई। भारत ने वकील आलिफ की हत्या के बारे में भी कुछ नहीं कहा।

ममता बोलीं- सब मिलकर सुनिश्चित करें कि पश्चिम बंगाल के हालात और न बिगड़ें

ममता ने कहा कि हमारे राज्य में, इमाम तक ने बांग्लादेश में माइनॉरिटी पर हमलों और बांग्लादेशी नेताओं के बयानों की आलोचना की है। हिंदू और मुस्लिम और बाकी सभी समुदाय की रगों में एक ही खून बह रहा है। हमें साथ मिलकर यह सुनिश्चित करना होगा कि पश्चिम बंगाल के हालात खराब न हों। पश्चिम बंगाल देश का पहला ऐसा राज्य है, जहां हर जाति, पंथ और समुदाय के लोगों ने बांग्लादेश के हालात के खिलाफ प्रदर्शन किया।

ममता बोलीं- मीडिया भी अपनी जिम्मेदारी समझे

ममता ने अपने राजनीतिक विरोधियों समेत सभी लोगों से अपील कि वे ऐसा कुछ न करें, जिससे हालात बिगड़ें।

उन्होंने मीडिया हाउसेस से भी बांग्लादेश के हालात पर कोई कमेंट करते समय जिम्मेदारी से बर्ताव करने को कहा। ममता ने कहा कि पश्चिम बंगाल उत्तर प्रदेश नहीं है, जहां हम आपके टेलिकास्ट को बैन कर देंगे, लेकिन आप पश्चिम बंगाल और यहां के लोगों के हितों को ध्यान में रखकर काम करें। अगर यहां हालात बिगड़ते हैं, तो इससे आपको कोई फर्क नहीं पड़ेगा। ठीक ऐसे ही, अगर बांग्लादेश में हालात खराब होते हैं, तो वहां रह रहे हमारे रिश्तेदारों और दोस्तों पर असर पड़ेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### इजरायल ने सीरिया में किया भीषण हमला, रासायनिक हथियार ठिकानों को बनाया निशाना

**यरुशलम (एजेंसी)।** इजरायल के विदेश मंत्री ने सोमवार को कहा कि इजरायली बलों ने सीरिया में संदिग्ध रासायनिक हथियार ठिकानों और लंबी दूरी के रॉकेटों पर हमला कर उन्हें नष्ट कर दिया है ताकि ये शत्रुओं के हाथ ना लग सकें। विदेश मंत्री गिडिअन सार ने कहा, ''हमारा एकमात्र हित इजरायल और उसके नागरिकों की सुरक्षा है।''



**आतंकियों के हाथ ना लग सकें हथियार:** विदेश मंत्री ने कहा कि इजरायली बलों ने इन हथियारों को हमला कर नष्ट कर दिया ताकि ये आतंकियों के हाथ ना लग सकें। सार ने यह बात सीरियाई विद्रोहियों द्वारा सप्ताहांत में दमिश्क पहुंचने और लगभग 14 वर्षों के गृहयुद्ध के बाद राष्ट्रपति बशर असद की सरकार के तख्तापलट के बाद कही है।

**अमेरिका ने भी बरसाए बम:** अमेरिका ने भी सीरिया में इस्लामिक स्टेट के ठिकानों पर हवाई हमले किए हैं। अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने कहा कि उसके सुरक्षा बलों ने मध्य सीरिया में इस्लामिक स्टेट के ठिकानों पर दर्जनों हवाई हमले किए हैं। इन हवाई हमलों का मरसद युद्धग्रस्त देश में इस्लामिक स्टेट के फिर से उभरने को रोकना है।

### जेवर के नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर आज उतरेगी पहली फ्लाइट


**नोएडा (एजेंसी)।** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट देश का सबसे बड़ा एयरपोर्ट के रूप में जल्द सामने आएगा। आझ यानी 9 दिसंबर को एयरपोर्ट के रनवे पर पहली कमर्शियल फ्लाइट लैंड करेगी। एयरपोर्ट के अधिकारियों का कहना है कि डीजीसीए से हरी झंडी के बाद रनवे ट्रायल आयोजित किया जा रहा। इसकी सारी तैयारी कर ली गई है। पहले इसे सोमवार सुबह 11 बजे उतरनी थी लेकिन अब इसे दोबारा रिशेड्यूल कर दिया और अब यह फ्लाइट 2 बजे ट्रायल के तहत एयरपोर्ट पर उतरेगी।



नाइल के अधिकारियों के मुताबिक, एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया का विमान नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर उतरेगा। रनवे पर विमान की लैंडिंग व टेक ऑफ के जरिए ट्रायल की प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। एयरपोर्ट पर विमान उड़ाने का ट्रायल सोमवार यानी 9 दिसंबर से शुरू हो रही ,जो 15 दिसंबर तक चलेगी।

नाइल के अधिकारियों ने आगे बताया कि इसके बाद एयरपोर्ट से कमर्शियल सेवा शुरू करने के लिए डीजीसीए में एरोड्रम के लाइसेंस के लिए आवेदन किया जाएगा। माना जा रहा है कि अगर ट्रायल रन वक्त रहते होगा तो नोएडा एयरपोर्ट पर 17 अप्रैल 2025 से कमर्शियल फ्लाइट्स की उड़ानें शुरू हो जाएंगी। एयरपोर्ट पर कैट-1 और कैट-3 उपकरण लग चुके हैं, जो कोहरे में विमान की ऊंचाई और दृश्यता की जानकारी देते हैं।

## धनखड़ को हटाने राज्यसभा में अविश्वास प्रस्ताव लाएगा विपक्ष



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ के खिलाफ विपक्ष अविश्वास प्रस्ताव लाने की तैयारी कर रहा है। 70 विपक्षी सांसदों ने प्रस्ताव पर दस्तखत किया है। इसमें INDIA गठबंधन में शामिल सपा, टीएमसी और क्कशामिल हैं। न्यूज एजेंसी PTI ने सूत्रों के हवाले से बताया कि अगस्त में भी राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ और विपक्षी नेताओं के बीच टकराव हुआ था। तब विपक्षी पार्टियों ने उनके खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव के लिए जरूरी 20 सांसदों का समर्थन जुटा लिया था। हालांकि बाद में मामला ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। संसद के बाहर कांग्रेस सांसद दिग्विजय सिंह ने कहा, %मैंने अपने पूरे राजनीतिक जीवन में कभी इतना पक्षपाती सभापति नहीं देखा है। वे सत्ता पक्ष के सांसदों को नियम के विपरीत बोलने की छूट देते हैं, जबकि विपक्षी सांसदों को चुप कराते हैं।% कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि मैं केंद्र सरकार पर आरोप लगा रहा हूं कि उन्होंने सदन को कमजोर किया है। मैंने आज तक नहीं देखा कि प्रश्नकाल में सरकार के सारे लोग खड़े हो जाएं और जवाब न आने दें। मेरा सवाल लगा हुआ था, लेकिन मुझे सवाल पूछने की इजाजत नहीं मिली।

**च्चर्चा के लिए JPC के पास भेजा जाएगा बिल**

## वन नेशन-वन इलेक्शन इस सत्र में पेश हो सकता है

**जोधपुर (एजेंसी)।** केंद्र सरकार संसद के मौजूदा सत्र में ही वन नेशन-वन इलेक्शन बिल पेश कर सकती है। सूत्रों के मुताबिक, सरकार इस बिल पर आम सहमति बनाना चाहती है, लिहाजा संसद से बिल को चर्चा के लिए जॉइंट

**● केंद्रीय कैबिनेट प्रस्ताव को मंजूरी दे चुका**

पार्लियामेंट्री कमेटी के पास भेजा जाएगा। JPC इस बिल पर सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ चर्चा करेगी। इसके अलावा सभी राज्यों की विधानसभाओं के स्पीकर और देशभर के बुद्धिजीवियों और अन्य स्टेकहोल्डर्स को भी इस प्रक्रिया में शामिल किया जाएगा। आम लोगों की भी राय ली जाएगी।इससे पहले सितंबर में केंद्रीय कैबिनेट ने वन नेशन-वन इलेक्शन के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी थी। कैबिनेट मीटिंग के बाद केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा था कि %पहले फेज में विधानसभा और लोकसभा चुनाव साथ होंगे। इसके बाद 100 दिन के भीतर दूसरे फेज में निकाय चुनाव साथ कराए जाएं। वन नेशन वन इलेक्शन पर विचार के लिए पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में 2 सितंबर 2023 को एक पैनल बनाया गया था। इस पैनल ने स्टेकहोल्डर्स-एक्सपर्ट्स से चर्चा के बाद 191 दिन की रिसर्च के बाद 14 मार्च को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को अपनी रिपोर्ट सौंपी थी।



## आंध्र प्रदेश के डिप्टी सीएम पवन कल्याण को जान से मारने की धमकी

**अमरावती(एजेंसी)।** आंध्र प्रदेश के डिप्टी सीएम पवन कल्याण को जान से मारने की धमकी मिली है। जनसेना पार्टी ने इसकी जानकारी दी है। जनसेना पार्टी ने बताया, उप मुख्यमंत्री पवन कल्याण के कार्यालय में



धमकी भरे फोन आए। किसी अज्ञात व्यक्ति ने फोन कर जान से मारने की धमकी दी। गुमनाम कॉल करने वाले ने उपमुख्यमंत्री को निशाना बनाते हुए आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल करते हुए संदेश भी भेजे। कार्यालय के कर्मचारियों ने धमकी भरे कॉल और संदेशों को उपमुख्यमंत्री के ध्यान में लाया। उनके कार्यालय के अधिकारियों ने मामले की सूचना वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को दी है।

## राहुल ने मोदी-अडाणी का मुखौटा लगाए सांसदों का इंटरव्यू लिया

**पूछा- आपकी पार्टनरशिप कब से चल रही है**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** संसद में सोमवार को राहुल गांधी रिपोर्टर के रोल में दिखे। विपक्ष के दो सांसदों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गौतम अडाणी का मुखौटा लगाया और राहुल से बातचीत की। राहुल ने मोदी-अडाणी के संबंध, अमित शाह की भूमिका और संसद न चलने पर करीब 8 सवाल किए। कांग्रेस ने 1.19 मिनट की बातचीत का वीडियो शेयर किया है। कांग्रेस सांसद मणिकम टैगोर ने गौतम अडाणी का और ह्ष्क्क शरद पवार के सांसद शिवाजीराव आढलराव पाटिल ने प्रधानमंत्री मोदी का मुखौटा पहना।

भाजपा सांसद दिनेश शर्मा ने कहा कि आज वरिष्ठ नेता संसद में मुखौटा पहनकर खड़े होते हैं और प्रधानमंत्री के बारे में अभद्र भाषा का इस्तेमाल करते हैं... वे देश के लोकतंत्र का सम्मान करना नहीं जानते... हताश, निराश, थके हुए, अस्तित्वहीन नेताओं का समूह कांग्रेस बन गया है और इनसे जुड़ी विपक्षी पार्टियां भी धीरे-धीरे अलग हो रही हैं। इनको देश के उद्योगपति नहीं चाहिए, इन्हें विदेश के उद्योगपति चाहिए। इन्हें जॉर्ज सोरोस चाहिए जो भारत में अस्थिरता पैदा करें।




## जॉर्ज सोरोस के मुद्दे पर राज्यसभा में बवाल

**सोनिया गांधी के साथ कनेक्शन पर चर्चा की मांग**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन और विपक्षी कांग्रेस के सदस्यों के बीच सोमवार को राज्यसभा में जबरदस्त हंगामा हुआ। एनडीए ने कांग्रेस पर विदेशी संगठनों के जरिए देश की सरकार और अर्थव्यवस्था को अस्थिर करने का आरोप लगाया। बीजेपी ने आरोप लगाया कि पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी का संबंध एक ऐसे संगठन से है, जिसे अमेरिकी बिजनेसमैन जॉर्ज सोरोस फाउंडेशन की ओर से वित्तपोषित किया जाता है, जिसने कश्मीर को भारत से अलग करने के विचार का समर्थन किया है। इस मुद्दे पर चर्चा की मांग करते हुए बीजेपी के नेताओं ने जोरदार नारेबाजी की, जिसकी वजह से राज्यसभा की कार्यवाही दो बार के स्थगन के बाद दोपहर 3 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई।





**राजीव गांधी ट्रस्ट से जुड़ा मामला:** हंगामे के बीच, बीजेपी के नेता जेपी नड्डा ने आरोप लगाया कि कांग्रेस के नेता विदेशी संगठनों और जॉर्ज सोरोस जैसे उद्योगपतियों के साथ मिलकर देश की सुरक्षा और स्थिरता को खतरे में डाल रहे हैं। उन्होंने यह भी दावा किया कि फोरम ऑफ डेमोक्रेटिक लीडर्स इन एशिया पैसेफिक जैसे संगठन जम्मू-कश्मीर को अलग सत्ता के रूप में देखते हैं और इसका वित्तीय सहयोग राजीव गांधी ट्रस्ट से जुड़ा है।

**खरगे ने आरोपों को किया खारिज:** इसके बाद विपक्षी नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने जेपी नड्डा के आरोपों को पूरी तरह से असत्य करार देते हुए पलटवार किया और कहा कि सत्ताधारी दल के लोग खुद %गद्दारी% कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि बीजेपी का यह हंगामा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार की नीतियों को छिपाने और मुद्दों से ध्यान हटाने के लिए किया जा रहा है। सभापति जगदीप धनखड़ ने बार-बार दोनों पक्षों को शांत करने का प्रयास किया, लेकिन हंगामा जारी रहा। इस बीच, कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों के नेताओं ने आरोप लगाया कि सत्ता पक्ष के सदस्य जानबूझकर सदन की कार्यवाही को बाधित कर रहे हैं, ताकि अदाणी और जॉर्ज सोरोस जैसे विवादास्पद मुद्दों पर चर्चा से बचा जा सके।

## 117 यात्रियों को लेकर जा रहा था विमान, आ गई खराबी

**एहतियात के तौर पर विमान को किया गया डायवर्ट**

**कोच्चि (एजेंसी)।** चेन्नई से कोच्चि जा रहे एक निजी विमान में तकनीकी खराबी आ गई। ये जानकर विमान में सवार सभी यात्रियों की सांसें अटक गई। तकनीकी खराबी का पता चलने के बाद चेन्नई में आपात स्थिति में विमान को उतारा गया। हवाई अड्डे के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विमान में 100 से अधिक यात्री और चालक दल के सदस्य सवार थे।

**चेन्नई वापस लाया गया विमान:** उन्होंने बताया कि सभी यात्री और अन्य सुरक्षित हैं। अधिकारियों के अनुसार, विमान 117 यात्रियों को लेकर चेन्नई से कोच्चि के लिए रवाना हुआ था। विमान हवा में ही था कि तभी पायलट को %तकनीकी गड़बड़ी' का पता चला। इसके बाद विमान को चेन्नई वापस ले जाया गया।

**सेफ लैंडिंग के बाद सभी यात्री सुरक्षित:** एयरपोर्ट अधिकारियों की देखरेख में पायलट ने विमान को %आपात' स्थिति में उतारा। अधिकारी ने कहा लैंडिंग के दौरान आवश्यक सुरक्षा उपाय किए गए और विमान को सुरक्षित रूप लैंड करा लिया गया।



**पटना में एक विमान की कराई गई इमरजेंसी लैंडिंग:** वहीं, दूसरी ओर दिल्ली से शिलांग जा रहे स्पाइसजेट के एक विमान को सोमवार सुबह उड़ान के दौरान तकनीकी खराबी आने के बाद पटना के जयप्रकाश नारायण अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी। अधिकारियों ने बताया कि यह घटना सुबह करीब 8ऱ52 बजे घटी, जिसमें विमान में सवार यात्रियों या चालक दल को कोई चोट या नुकसान नहीं पहुंचा है।

**एहतियात के तौर पर विमान को किया गया डायवर्ट :** शिलांग जाने वाली इस उड़ान को तकनीकी समस्या आने के बाद एहतियात के तौर पर डायवर्ट कर दिया गया। पायलट ने हवाई यातायात नियंत्रण को सतर्क कर दिया। इसके बाद सुरक्षित लैंडिंग सुनिश्चित करने के लिए इमरजेंसी प्रोटोकॉल सक्रिय कर दिए गए।

**विमान में सवार सभी यात्री और चालक दल सुरक्षित:** एयरपोर्ट के अधिकारियों ने कहा कि इमरजेंसी लैंडिंग के बाद विमान में सवार सभी यात्री और चालक दल के सदस्य सुरक्षित हैं। यात्रियों की आगे की यात्रा को सुविधाजनक बनाने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की जा रही है।

## जावा द्वीप में बाढ़ और भूस्खलन ने मचाई तबाही, 10 लोगों की मौत



**इंडोनेशिया (एजेंसी)।** सुकाबूमी, इंडोनेशिया के जावा द्वीप में स्थित पहाड़ी गांवों के अचानक बाढ़ और भूस्खलन के बाद तबाही मच गई है। भूस्खलन की चपेट में आने से 10 लोगों की मौत हो गई है जबकि दो लोग लापता बताए जा रहे हैं। अधिकारियों ने सोमवार को इस बारे में जानकारी दी है। सुकाबूमी में बचाव कमान पोस्ट के प्रमुख लेफ्टिनेंट कर्नल युदी हरियांतो ने कहा कि पिछले सप्ताह से हो रही मूसलाधार बारिश के कारण नदियां अपने किनारों को तोड़ रही हैं, जिससे पश्चिम जावा प्रांत के सुकाबूमी जिले में 170 से अधिक गांवों में हालात बदतर हो गए हैं, बड़ी संख्या में पेड़ गिर गए हैं।

## बार-बार निर्देश के बाद भी नहीं चेत रहे अफसर

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** राज्य शासन ने एक बार फिर कोर्ट के मामलों में विभाग प्रमुखों को पूरी गंभीरता से काम करने के लिए कहा है। प्रमुख सचिवों को निर्देश दिए गए हैं कि न्यायालय में दायर होने वाले मामलों में संवेदनशीलता के साथ जवाब पेश करने में तेजी से काम किया जाए। संवेदनशीलता का काम सरकार की सेवा से रिटायर होने वाले कर्मचारियों और अधिकारियों के मामले में हो और उनके सेवा संबंधी भुगतान समय पर कर कोर्ट में प्रकरण नहीं पहुंचने देने की कोशिश की जाए। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी निर्देश में कहा गया है कि न्यायालयीन प्रकरणों के मामले में टाइम लिमिट में शासन की ओर से जवाब पेश करने और आदेश का पालन करने के निर्देश जारी किए जाते रहे हैं। इसके बाद भी कोर्ट में जवाब पेश करने और न्यायालय के आदेश का पालन करने में देरी की स्थिति सामने आ रही है। इसलिए सभी विभाग, अध्यक्ष राजस्व मंडल, विभागाध्यक्ष, कलेक्टर, सीईओ जिला पंचायत को दोबारा निर्देशित किया जा रहा है कि कोर्ट के लंबित मामलों में जैसे ही नोटिस या याचिका मिले या केस दायर किए जाने की सूचना मिले तो प्रभारी अधिकारी की नियुक्ति संबंधित विभाग जल्द करे और प्रभारी अधिकारी की जिम्मेदारी तय की जाए कि प्रकरण की अपडेट स्थिति और सुनवाई की तारीख की जानकारी लेकर तय समय से पहले कोर्ट में जवाब पेश कराया जाए। जीएडी के निर्देश में यह भी कहा गया है कि रिटायर्ड सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों के मामले में विशेष सहानुभूति और मानवीय दृष्टिकोण रखा जाए और उनसे संबंधित मामले में नियमानुसार तेजी से कार्यवाही की जाए। गौरतलब है कि शासन द्वारा तय समय पर रिटायर्ड कर्मचारियों और अधिकारियों के सेवानिवृत्ति संबंधी भुगतान नहीं किए जाने के कारण कोर्ट में सरकार के विरुद्ध केस दायर करने रिटायर्ड शासकीय कर्मचारियों अधिकारियों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। मंत्रालय अफसरों के मुताबिक विभागों द्वारा समय पर जवाब नहीं दिए जाने और कोर्ट के आदेश का पालन नहीं करने पर कोर्ट द्वारा मुख्य सचिव को पक्षकार बनाकर न्यायालय तलब किया जाता है। ऐसे में सरकार की किरकिरी होती है। ऐसे सैकड़ों मामले सामने आ चुके हैं जिसमें मुख्य सचिव को तलब करने पर विभाग प्रमुखों ने कोर्ट के आदेश का पालन किया है। इसे देखते हुए विभागों को कोर्ट में जाने वाले प्रकरणों में मुख्य सचिव को पक्षकार न बनाने के लिए भी कहा जाता रहा है।

## वन्य-प्राणियों का शिकार करने वाले आरोपियों को 3-3 वर्ष का सश्रम कारावास

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** वन्य-प्राणी नीलगाय एवं जंगली सुअर का विद्युत करंट लगाकर शिकार करने वाले आरोपियों को 3-3 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 60-60 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट छिंदवाड़ा द्वारा वन परिक्षेत्र खमारपानी पेंच टाइगर रिजर्व में वन्य-प्राणी नीलगाय एवं जंगली सुअर का शिकार करने के प्रकरण में आरोपी रामपाल पिता सुखलाल बंजारा निवासी डोंगरगाँव, राजू पिता कमान इवनाती निवासी रैयतवाड़ी को 3-3 वर्ष के कारावास एवं 60-60 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। राज्य शासन की ओर से प्रकरण में श्री अभयदीप सिंह ठाकुर सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी छिंदवाड़ा ने पैरवी की।

## अंतर्गत धारा -163 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023

मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)। पुलिस आयुक्त, नगरीय पुलिस भोपाल श्री हरिनारायणचारी मिश्र ने भोपाल नगर (मेट्रोपोलिटन) की सीमा में चायना धागे का पतंगबाजी में उपयोग, विक्रय एवं भंडारण को प्रतिबंध किया है। पतंगबाजी में चायना के धागे के उपयोग से पक्षियों एवं जनसामान्य को हानि पहुँचती हैं। कई बार तो पक्षियों की मृत्यु तक हो जाती है। इस धागे से पतंगबाजी के दौरान रोड पर चलने वाले राहगीर एवं दो पहिया वाहन चालक भी कई बार घायल हो जाते है। इन धागों की मजबूती और उस पर चिपका काँच का चूरा इन हादसों का कारण है एवं इस धागे का उपयोग पतंगबाजी में किये जाने से पशु-पक्षियों एवं जन-सामान्य के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। उक्त आदेश को जन-साधारण की सुविधा के सुनिश्चित पालन के लिए तत्काल प्रभावशील किया जाता है। समयाभाव के कारण यह आदेश भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 (2) के अंतर्गत एक पक्षीय रूप से पारित किया जा रहा है।

यह आदेश तत्काल प्रभावी होगा और यदि बीच में वापस न लिया गया तो आगामी दो माह तक लागू रहेगा। इस आदेश अथवा इस आदेश के किसी अंश का उल्लंघन करना यथास्थिति अन्य अधिनियमों के साथ भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 के अंतर्गत दण्डनीय अपराध है।

# सभी पात्र व्यक्तियों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना सुनिश्चित करें

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** संभागायुक्त श्री संजीव सिंह ने कहा है कि मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान और जन कल्याण पर्व प्रदेश में 11 दिसम्बर से 26 जनवरी 2025 तक चलाया जायेगा। अभियान के तहत सभी ग्राम पंचायतों और नगरीय निकायों के प्रत्येक वार्ड में शिविरों का आयोजन किया जाएगा, जहां पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का सीधा लाभ प्रदान किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को अभियान की तैयारी के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि सभी पात्र व्यक्तियों तक शासकीय योजनाओं का लाभ पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने आगामी समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम के लिए चिन्हित सीएम हेल्पलाइन विषयों पर लंबित शिकायतों की समीक्षा की एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण करने के निर्देश दिए।



संभागायुक्त श्री सिंह ने आज कमिश्नर कार्यालय के सभाकक्ष में समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में ये निर्देश दिए। बैठक में संयुक्त आयुक्त श्री विनोद यादव, उपायुक्त राजस्व श्रीमती किरण गुप्ता सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में समय-सीमा अंकित पत्रों का निराकरण करने तथा आगामी बैठक में प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। संभागायुक्त श्री सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री जन-कल्याण पर्व में विभिन्न विकास गतिविधियाँ होंगी। पर्व का शुभारंभ 11 दिसम्बर को भोपाल में लाड़ली बहना योजना की राशि वितरण से किया जायेगा। साथ ही गीता जयंती पर वृहद गीता पाठ कार्यक्रम होगा। सभी क्षेत्रों में आयोजित शिविरों के माध्यम से पात्र हितग्राहियों को शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ प्रदान किया जाएगा। अभियान को सफल बनाने के लिए सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने और हर स्तर पर प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। श्री सिंह ने निर्देश दिए कि सभी अधिकारी जिले में दौरा कर आयोजन को सफल बनाने में भागीदारी करें। उन्होंने धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियान की जिले वार प्रगति एवं कार्य योजना के संबंध में भी समीक्षा की।संभागायुक्त श्री सिंह ने कृषि, सहकारिता, मार्कफेड एवं खाद्य विभाग को सोयाबीन उपार्जन, उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने एवं निरंतर मॉनीटरिंग करने के निर्देश दिए। संयुक्त संचालक कृषि श्री बीएल बिलैया ने बताया कि भोपाल संभाग में 80 प्रतिशत, भोपाल जिले में 82 प्रतिशत, सीहोर जिले में 87 प्रतिशत, रायसेन जिले में 52 प्रतिशत, विदिशा जिले में 81 प्रतिशत एवं राजगढ़ जिले में 98 प्रतिशत रबी फसल का क्षेत्राच्छादन है। श्री बिलैया ने बताया कि सोयाबीन की खरीदी संभाग के सभी जिलों में चल रही हैं।

## कलेक्टर, सीईओ एवं अधिकारियों को ध्वज लगाया

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** कलेक्टर श्री कौशलेंद्र विक्रम सिंह, जिला पंचायत सीईओ श्री ऋतुराज सिंह, एडीएम श्री सिद्धार्थ जैन को कलेक्टर कार्यालय में सैनिक कल्याण संचालनालय मध्यप्रदेश के अतिरिक्त संचालक,सेवानिवृत्त कर्नल संजय प्रधान ने ध्वज लगाया। कलेक्टर श्री सिंह ने नागरिकों से अपील की है कि सशस्त्र सेना झंडा दिवस के अवसर पर अपनी क्षमता से बढ़कर अशंदान के भाव और भावनाओं के साथ अधिक से अधिक राशि का अशंदान करें। सशस्त्र सेना के प्रति राष्ट्र की कृतज्ञता के प्रदार्शन में सहभागी बनें।



## भोपाल में कैट शो-कॉम्पिटिशन, 300 बिल्लियां करेंगी पार्टिसिपेट

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** भोपाल में रविवार, 15 दिसंबर को कैट शो होने जा रहा है। 10 नस्ल की 300 बिल्लियां इस शो का हिस्सा होंगी। 5 हजार रुपए से लेकर 5 लाख रुपए तक बिल्ली यहां आप देख सकते हैं। शो सुबह 10 बजे से कोहेफिजा के लेक व्यू गार्डन में होगा। शहर में चौथी बार कैट शो होने जा रहा है। सबसे खास मेनकून बिल्ली भी इसका हिस्सा होगी। यह उत्तरी अमेरिका की नस्ल है। बिल्लियों में सबसे लंबी होती है। इस शो का मकसद बिल्ली पालने वालों को प्रोत्साहित करना है। हम इससे पहले भोपाल में 2019, 2022 और 2023 में कैट शो कर चुके हैं। देशभर में अब तक करीब 50 कैट शो किए हैं। कैट शो में



बिल्लियों की चैम्पियनशिप भी होगी। इसमें पार्टिशिपेट करने के लिए आप फिलाइन क्लब ऑफ इंडिया के इंस्टाग्राम पेज से रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। क्लब के साथ पहले से रजिस्टर्ड कैट ऑनर को 600 रुपए और नॉन रजिस्टर्ड को 1350 रुपए फीस देना होगी। आप विजिटर बनकर सिर्फ यह शो देखने जाना चाहते हैं, तो इसके लिए टिकट मौके पर ही मिल जाएगा।

कैट शो में शामिल बिल्लियों का रिव्यू तीन सदस्यीय ज्यूरी करेगी। यही ज्यूरी तय करेगी कि शो में शामिल कौन सी बिल्ली शो स्टॉपर है। क्लब की प्रमुख नाजनीन ने बताया कि ज्यूरी बिल्लियों का रिव्यू पांच पैरामीटर पर करेगी।

## वन विभाग द्वारा पवई में गोबर हस्तशिल्प कार्यशाला का समापन

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** दक्षिण पन्ना वन मण्डल द्वारा गोबर हस्तशिल्प कार्यशाला का 3 दिवसीय प्रशिक्षण पवई में किया गया। प्रशिक्षण वन विभाग के ग्रीन इण्डिया मिशन अंतर्गत स्थानीय जीविकोपार्जन विकास के लिये आयोजित किया गया। कार्यशाला में गौ-शालाओं को आर्थिक रूप से सुदृढ़, सशक्त और स्वावलम्बी बनाने की दिशा में एक विशेष पहल की गयी।



पवई परिक्षेत्र के अंतर्गत विद्यासागर गौ-वंश समिति की गौ-शाला में कार्यशाला आयोजित की गयी। इसमें पवई और मोहन्द्रा क्षेत्र के लगभग 50 प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यशाला में ग्रामीणों को गोबर से बनाये जाने वाले विभिन्न हस्तशिल्प उत्पादों के बारे में सिखाने के लिये वन विभाग ने स्वानंद गौ-विज्ञान के संस्थापक श्री जितेन्द्र भकने को आमंत्रित किया था। ग्रामीणों को उत्पादों की मार्केटिंग पर मार्गदर्शन देने के लिये गौ-इरा स्टार्ट-अप की फाउण्डर सुश्री कृति अग्रवाल भी उपस्थित थीं। प्रतिभागियों ने कार्यशाला में गोबर से दीपक, श्रीगणेश, आदि योगी एवं भगवान बुद्ध की मूर्तियाँ, माता लक्ष्मी के चरण, मोबाइल होल्डर और साज-सज्जा की कई आकर्षक वस्तुएँ बनाना सिखाया गया। पवई उप वन मण्डल अधिकारी श्रीमती कल्पना तिवारी एवं वन परिक्षेत्र अधिकारी श्री नीतेश पटेल ने कार्यशाला का पर्यवेक्षण एवं प्रबंधन किया। कार्यशाला के सफल आयोजन में डिप्टी रेंजर श्री बी.के. खरे, वन-रक्षक श्री दिनेश राठौर, श्री जयप्रकाश नारायण दुबे और मनीष वर्मा का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा। गोबर हस्तशिल्प उत्पादन प्रशिक्षण की द्वितीय 3 दिवसीय कार्यशाला 13 से 15 दिसम्बर तक आयोजित की जायेगी।

## पेसा मोबिलाइजर्स के मानदेय पर केंद्र का झटका, अब राज्य सरकार को करना होगा इंतजाम

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** एमपी में पेसा एक्ट के क्रियान्वयन के लिए मोबिलाइजर्स का काम करने वालों के मानदेय मामले में केंद्र सरकार ने राज्य की मोहन सरकार को झटका दिया है। अक्टूबर में इनका मानदेय डबल करने का फैसला सीएम मोहन यादव ने ट्वीट किया था। अब केंद्र सरकार के पंचायती राज मंत्रालय द्वारा मानदेय बढ़ाने से इनकार के बाद राज्य सरकार को इस पर फैसला करना होगा। सीएम सचिवालय के अफसरों के अनुसार यह मानदेय ट्राइबल रिसर्च इंस्टीट्यूट के माध्यम से दिए जाने पर विचार हो सकता है पर अभी अंतिम फैसला होना बाकी है। केंद्र के इस फैसले को सोशल मीडिया पर भी शेयर किया गया हैं। दो साल पहले एमपी में लागू किए गए पेसा एक्ट के लिए मोबिलाइजर का काम करने वाले 4665 लोगों का मानदेय डबल किए जाने का फैसला अक्टूबर में लिया गया था। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने 24 अक्टूबर को एक्स पर ट्वीट कर इनका मानदेय 4 हजार से बढ़ाकर 8 हजार रुपए महीना किए जाने की जानकारी दी थी। पेसा मोबिलाइजर्स द्वारा आठ माह से चार हजार रुपए में काम नहीं कर पाने को लेकर सरकार से मांग की जा रही थी कि उनका मानदेय बढ़ाया जाए, इसके बाद यह मानदेय दोगुना हुआ था।

सीएम यादव ने अक्टूबर में किए ट्वीट में लिखा था कि सरकार का एक और संकल्प पूण...। जनजातीय क्षेत्रों में ग्राम सभाओं को सशक्त बनाने के उद्देश्य की पूर्ति में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करने वाले पेसा मोबिलाइजर्स का मानदेय ? 4000 प्रतिमाह से बढ़ाकर ? 8000 प्रतिमाह करने का सरकार ने निर्णय लिया है।

## एमपी में जातियों को जोड़ने सामाजिक सम्मेलन करेगी बसपा

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** मध्यप्रदेश में विधानसभा और लोकसभा चुनाव में हार के बाद बहुजन समाज पार्टी अपने खोए हुए जनाधार को वापस पाने की कोशिशों में जुट गई है। अब बसपा प्रदेश भर में अलग-अलग जातियों को जोड़ने के लिए सामाजिक सम्मेलन कराएगी। बीएसपी ने तय किया है कि पार्टी में जिस समाज के जो पदाधिकारी हैं। पूर्व सांसद, पूर्व विधायक और हारे हुए प्रत्याशी अपनी-अपनी समाज के सामाजिक सम्मेलन कराएंगे। हालांकि ये सम्मेलन समाजों में जन्मे महापुरुषों संतों के नाम पर कराए जाएंगे। रानी दुर्गावती, टंट्या मामा, देवी अहिल्या बाई होल्कर, संत गाडगे जी महाराज, नामदेव जी महाराज, संत रविदास, ज्योतिबा फुले जैसे महापुरुषों के नाम पर यह आयोजन होंगे।



बसपा अब उन सीटों पर फोकस कर रही है जहां उसका वोट बैंक निर्णायक रहा है। सुपर-30 के फॉर्मूला पर बीएसपी जनवरी से मजबूत जनाधार वाली 30 विधानसभाओं में संगठन को मजबूत करेगी। इन 30 विधानसभाओं में बूथ वार कमेटियों के गठन के साथ ही कमजोर बूथों पर वोट बैंक बढ़ाने के लिए प्रदेश, सेक्टर, जोन के इंचार्ज बैठकें करेंगे। करीब 3 महीने बाद अगले फेज में सुपर-30 के तहत 30 अन्य विधानसभाओं में काम शुरू किया जाएगा। बीएसपी के प्रदेश प्रभारी और राज्यसभा सांसद रामजी गौतम ने बताया प्रदेश कार्यालय में पार्टी के पदाधिकारियों की बैठक हुई। इसमें तय हुआ है कि 15 जनवरी को राष्ट्रीय अध्यक्ष बहन मायावती का जन्म दिवस सभी जिलों में मनाया जाएगा। बहन जी की ओर से निर्देश मिले हैं कि कोई ऐसा काम नहीं करना है जिससे लोगों को परेशानी हो।

बहन जी ने निर्देश दिए हैं कि आमतौर पर कार्यकर्ता केक काटते थे इस बार केक नहीं काटे जाएंगे, न ही डीजे बजाए जाएंगे। किसी भी तरह का हुड़दंग करने के बजाय सादगी पूर्ण तरीके से जनकल्याणकारी दिवस के रूप में बहन जी का जन्मदिवस मनाया जाएगा। यूपी में बसपा की सरकार के वक्त चलाई गई योजनाओं खासकर बहुजन हिताय-बहुजन सुखाय की नीति पर किए गए कामों को समाज में पहुंचाने का प्रयास करेंगे।

बसपा सांसद रामजी गौतम ने कहा- पार्टी की बैठक में कुछ संगठनात्मक बदलाव किए गए हैं जिसके तहत वरिष्ठ लोगों को जिम्मेदारियां दी गई हैं। बसपा में विभिन्न जाति-समाजों के जो पदाधिकारी हैं उन सभी को जातीय-सामाजिक सम्मेलन कराने की जिम्मेदारियां दी गईं हैं। पूरे स्टेट को तीन सेक्टर और कई जोन में विभाजित किया गया है ताकि हम कामों को गतिशीलता दे सकें। सेक्टर और जोन में पार्टी के वरिष्ठ लोगों को जिम्मेदारियां दी गई हैं।

## मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान और गीता जयंती की तैयारियों को लेकर कलेक्टर ने की बैठक

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** कलेक्टर श्री कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने आज सीएम हेल्पलाइन, समय-सीमा पत्रों और समाधान ऑनलाइन की साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित की। बैठक में उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सीएम हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण निर्धारित समय-सीमा में सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने 11 दिसम्बर से प्रारंभ हो रहे मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान और जनकल्याण पर्व की तैयारियों का जायजा लेते हुए सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने और सभी व्यवस्थाओं को समय पर पूरा करने के निर्देश




दिए। कलेक्टर ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य शासन की हितग्राहीमूलक योजनाओं का लाभ समस्त पात्र हितग्राहियों तक पहुचाना है।

कलेक्टर ने 11 दिसम्बर को भोपाल के लाल परेड मैदान में आयोजित गीता जयंती कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा भी की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि 6000 बटुकों द्वारा सामूहिक सस्वर गीता पाठ के इस विशेष आयोजन के लिए सभी व्यवस्थाएं समय पर पूरी की जाएं। कलेक्टर ने बताया कि इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री जी लाड़ली बहना योजना के तहत पात्र बहनों को दिसंबर माह की राशि उनके खातों में अंतरित करेंगे। कलेक्टर ने कहा कि मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के अंतर्गत नगरीय और ग्रामीण क्षेत्रों में शिविरों का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए ताकि शत-प्रतिशत पात्र हितग्राही सरकार की योजनाओं का लाभ ले सकें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिविरों के माध्यम से शासन की योजनाओं का लाभ समस्त पात्र हितग्राहियों को उपलब्ध कराया जाए। कलेक्टर ने सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि अभियान और पर्व के दौरान होने वाले सभी आयोजनों को सफल बनाने के लिए प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करें।

# भाजपा के नगर परिषद अध्यक्ष को पीटा

## रेत ठेका कंपनी की गुंडागर्दी, 23 राउंड गोलियां चलाई, थाना में नहीं मिली पुलिस की मदद





**मीडिया ऑडीटर, शहडोल निप्र।** भाजपा नेता और ब्यौहारी नगर परिषद अध्यक्ष राजन गुप्ता को रेत ठेका कंपनी सहकार ग्लोबल के गुर्गो ने बेरहमी से पीटा है। घटना के बाद जब भाजपा नेता रात में देवलोंद थाना पहुंचे वहां उन्हें मदद नहीं मिली। रीवा रोड पर जिस स्थान में विवाद हुआ। वहां रेत ठेका कंपनी के गुर्गो पर 23 राउंड गोली चलाने का आरोप हैं।

रामनगर पुलिस ने मौके से जिंदा कारतूस और खोखा भी जब्त किए हैं। वहीं रेउंसा निवासी विकास सिंह को जान से मारने का भी प्रयास हुआ है। गोली चलने के बाद गंभीर हालत में विकास सिंह को सतना के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। भाजपा नेता और सरपंच संघ के जिला अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह पर भी गोलियां चलाई गईं। वहीं लाठी डंडे से हमला किया गया। घटना 6-7 दिसंबर की रात रीवा रोड पर कैथहा ढावा के पास की है।

**ढाबा में नप अध्यक्ष पर हुआ हमला:** ब्यौहारी नगर परिषद अध्यक्ष श्रीकृष्ण राजन गुप्ता अपने साथी भाजपा नेता धीरज सिंह के साथ ब्यौहारी से रीवा जा रहे थे। कैथहा ढावा के पास उनकी मुलाकात सरपंच संघ के जिला अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह से हुई। दोनों नेता ढाबे में चाय पी रहे थे। जैसे ही भाजपा नेता राजन गुप्ता अपनी गाड़ी में सवार होकर रीवा की तरफ जाने लगे वैसे ही 6 वाहन में सवार होकर 30 लोग ने शिवेंद्र सिंह और विकास सिंह पर हमला बोल दिया। इस दौरान मुझे भी डंडे से पीटा।

**लगातार अंधाधुंध चला रहे थे गोलियां:** ब्यौहारी नगर परिषद अध्यक्ष राजन गुप्ता ने बताया कि रेता ठेका कंपनी के गुर्गे ढाबे में लगातार फायरिंग कर रहे थे। उन्होंने लगभग 23 से ज्यादा बार गोलियां चलाईं। सरपंच संघ के जिला अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह और विकास सिंह पर भी गोली चलाई गई। विकास सिंह के हाथ में गोलियां लगी हैं।

यह सब मंजर मैं अपनी आंखों से देख रहा था। गुर्गे शिवेंद्र सिंह पर भी फायरिंग कर रहे थे। उन्होंने एक टायर पंचर दुकान में घुसकर उन्होंने अपनी जान बचाई। इसके बाद भी गुर्गे गोलियां चला रहे थे। इस दौरान ढाबे में अफरा तफरी का महौल बन गया था। कर्मचारी भी दुबककर छिप गए थे। इस दौरान गर्गो ने वाहनों में भी तोड़फोड़ की। वहीं आरोपियों ने रेत से लदे वाहनों को अपने कब्जे में भी लेने का प्रयास किया।

**थाना पहुंचने पर नहीं मिली मदद:** कैथहा ढाबा के पास हुई घटना मैहर जिले के रामनगर थाना क्षेत्र की थी। मारपीट होने के बाद ब्यौहारी नगर परिषद अध्यक्ष राजन गुप्ता और शिवेंद्र सिंह समेत अन्य लोग शहडोल जिले के देवलोंद थाना पहुंचे। नगर परिषद अध्यक्ष ने बताया कि रात 2 बजे के लगभग थाना में पुलिस गेटकर बंद करके सो रही थी। बार-बार बुलाने के बाद भी कोई नहीं उठा।

इसके बाद मैंने थाना प्रभारी डीके दाहिया को फोन लगाया। लंबे प्रयास के बाद जब उन्होंने फोन उठाया तो यह कहकर बात टाल दिया कि यह रामनगर थाना क्षेत्र का मामला है। शहडोल की देवलोंद पुलिस जीरो में कायमी नहीं कर सकती है। इसके बाद पुलिस की एक टीम गश्त करके वापस लौटी उन्हें आपबीती बताई। लेकिन पुलिस ने हमारी कोई मदद नहीं की।

**रेत परिवहन से जुड़ा है विवाद:** सरपंच संघ के जिला अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह उमरिया जिले के मानपुर बलौढ़ खदान में लोडिंग का काम करते हैं, यह खदान महाकाल कंपनी के पास है। जबकि उसी सोन नदी में दूसरे तट पर शहडोल जिले की सीमा पर सहकार ग्लोबल कंपनी काम कर रही है।

सहकार ग्लोबल के कर्मचारियों का कहना है कि उमरिया जिले की रेत शहडोल में विक्रय के लिए नहीं आएगी, जैसे ही बलौढ़ खदान से रेत जिले की सीमा में आती है सहकार ग्लोबल के गुर्गे वाहनों को खड़ा करा लेते हैं और उन्हें खाली कराकर वापस भेज देते हैं। यह सिलसिला पिछले कई दिनों से चला आ रहा था, जिस कारण घटन की रात विवाद हुआ है।

**ब्यौहारी पुलिस करा चुकी है समझौता:** सरपंच संघ के जिला अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह ने बताया कि 6 दिसंबर को इस मामले पर ब्यौहारी पुलिस एक बार समझौता करा चुकी है। महाकाल कंपनी और सहकार ग्लोबल कंपनी के कर्मचारियों की उपस्थिति में पुलिस ने कहा कि यदि गाड़ी में वैध रॉयल्टी है तो कोई कहीं भी रेत का परिवहन कर सकता है।

सहकार ग्लोबल के कर्मचारी वैध गाड़ियों को नहीं रोकेंगे। इस पर उन्होंने सहमति भी दी थी, लेकिन पुलिस के बीच हुए समझौते को कंपनी के गुर्गो ने नहीं माना और उसके तुरंत बाद वे विवाद करने गाड़ियों का पीछा करने लगे।

**पुलिस पहले ही पहुंच चुकी थी:** देवलोंद थाना प्रभारी डीके दाहिया ने बताया कि रात में ब्यौहारी नगर परिषद राजन गुप्ता का फोन आया था। घटना रामनगर थाना क्षेत्र की थी और वहां की पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। इस कारण हम कोई कायमी नहीं कर सकते थे।

थान में उन्हें पुलिस मिली है, इसका उन्होंने खुद वीडियो बनाया है। थाना में जो पुलिसकर्मी गेट बंद करके सो रहे थे उनमें मैंने एक एसआई और सिपाही को नोटिस देकर तबल किया है। यह लापरवाही की श्रेणी में आता है।

# समय सीमा बैठक सम्पन्न

## मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करें : सीईओ जिला पंचायत



**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** समय-सीमा पत्रों की समीक्षा करते हुए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अंशुमन राज ने कहा कि प्रदेश में 11 दिसम्बर 2024 से 26 जनवरी 2025 तक मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान तथा 11 दिसम्बर से 26 दिसम्बर 2024 तक जन कल्याण पर्व मनाया जाएगा। अभियान का मुख्य उद्देश्य केन्द्र सरकार और राज्य सरकार की सभी हितग्राहीमूलक योजनाओं के पात्र हितग्राहियों को शत-प्रतिशत लाभान्वित करना है। अभियान 11 दिसम्बर से गीता जयंती से आरंभ होगा। इसका समापन 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस को होगा। अभियान के दौरान प्रत्येक ग्राम पंचायत और नगरीय निकाय के प्रत्येक वार्ड में शिविर लगाकर हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाएगा। इन शिविरों में भी यदि हितग्राही लाभ पाने से वंचित रह गए तो उन्हें 26 जनवरी को लाभान्वित किया जाएगा। सीईओ जिला पंचायत ने अभियान का जिले में प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

सीईओ जिला पंचायत ने उपखण्ड अधिकारी राजस्व तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत को व्यापक कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि अभियान के दौरान सभी वार्डों तथा ग्राम पंचायतों में शिविर का आयोजन किया जाएगा। चेकलिस्ट अनुसार प्रत्येक घर का सर्वे कर छूटे हुए पात्र हितग्राहियों का चिन्हांकन किया जावेगा। प्रत्येक परिवार के लिए जनकल्याण कार्ड बनाया जाएगा जिसमें उन्हें किन योजनाओं का लाभ मिल रहा है, प्रदर्शित किया जावेगा। उन्होंने सभी विभाग प्रमुखों को अपने विभाग की योजनाओं की जानकारी प्रदर्शित करते हुए फ्लेक्स बनाने तथा शिविर स्थल पर प्रदर्शित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने इस अभियान के दौरान राजस्व महाअभियान, धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान तथा टीबी मुक्त भारत अभियान का भी प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों के निराकरण की समीक्षा करते हुए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत ने निर्देशित किया है कि सभी विभाग प्रमुख सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों की नियमित समीक्षा कर संतुष्टि पूर्वक निराकरण कराया जाना सुनिश्चित करेंगे। सीईओ जिला पंचायत ने कहा कि सभी विभाग सीएम हेल्पलाइन के शिकायतों के निराकरण के लिए विभागीय व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करें तथा निगरानी तंत्र को व्यवस्थित करें। जिन विभाग प्रमुखों की परफॉर्मेस डी ग्रेड में है विभाग प्रमुख शिकायतों को स्वयं विशेष रूप से देखकर समय सीमा में संतुष्टिपूर्ण निराकरण दर्ज कराए। विकासखंड स्तर पर एसडीएम सीईओ जनपद तथा संबंधित विभागों के साथ बैठक करके शिकायतों का निराकरण कराना सुनिश्चित करें। सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों को गंभीरता से लें और समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण दर्ज करे। समाधान ऑनलाइन में चयनित विषयों तथा 100 दिवस से अधिक लंबित शिकायतों को प्राथमिकता पर निराकृत करने के निर्देश दिए गए हैं।

सीईओ जिला पंचायत ने खरीफउपार्जन केंद्रों का सतत निरीक्षण करने के निर्देश दिए हैं। सर्वेयर को आवश्यक प्रशिक्षण तथा आवश्यक उपकरण उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि किसानों से निश्चय मात्रा में खरीदी की जाए। प्रत्येक वारदाने में निश्चित मात्रा की ही तौल की जाए। उन्होंने खाद वितरण की स्थिति पर सतत निगरानी रखने के निर्देश दिए हैं।

बैठक में उपखण्ड अधिकारी सिहावल एसपी मिश्रा, कुसमी प्रिया पाठक सहित सभी विभागों के जिलास्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# नेशनल लोक अदालत के संबंध में समस्त मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण एवं अधिवक्तागण के साथ की गई बैठक

**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी के अध्यक्ष संजीव कुमार पाण्डेय के मार्गदर्शन में वर्ष 2024 में आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालतों के क्रम में वर्ष की अंतिम एवं चौथी नेशनल लोक अदालत का आयोजन 14 दिसंबर को जिला न्यायालय सीधी तथा सिविल न्यायालय चुरहट, रामपुर नैकिन एवं मझौली में किया जायेगा। दिनांक 14 दिसंबर 2024 को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण हेतु सोमवार को प्रधान जिला न्यायाधीश संजीव कुमार पाण्डेय के मागदर्शन में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी वीरेन्द्र जोशी द्वारा समस्त मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण एवं अधिवक्तागण के साथ बैठक का आयोजन किया गया।



बैठक में जोशी ने कहा कि अधिवक्ताओं के सहयोग के बिना न्यायदान की प्रक्रिया अधूरी है। उक्त बैठक में मुकेश कुमार प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय, अध्यक्ष जिला अभिभाषक संघ बृजेन्द्र सिंह, राजेश श्रीवास्तव प्रथम जिला न्यायाधीश, गौतम कुमार गुजरे चतुर्थ जिला न्यायाधीश, उर्मिला यादव प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश सीधी के न्यायालय के तृतीय अतिरिक्त जिला न्यायाधीश, सोनू जैन न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, जिला विधिक सहायता अधिकारी सिद्धार्थ शुक्ला, देवेन्द्र प्रसाद मिश्रा चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल, विनोद कुमार श्रीवास्तव डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल, असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसिल देवेन्द्र प्रसाद द्विवेदी, असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसिल ऋषभ सिंह पैनल अधिवक्तागण अरविंद शुक्ला, रामभजन गुप्ता, परमसुख शुला, प्रमोद पाण्डेय, सुजाता मिश्रा, फूलचंद गुप्ता, सतीश कुमार उर्मलिया, अरविंद गोस्वामी सहित जिला प्राधिकरण के कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

नेशनल लोक अदालत में न्यायालय में लंबित राजीनामा योग्य प्रकरणों एवं प्री-लिटिगेशन प्रकरणों का निराकरण किया जावेगा। लोक अदालत के माध्यम से राजीनामा योग्य आपराधिक प्रकरणों, सिविल प्रकरणों, चेक बाउंस प्रकरणों, वैवाहिक एवं पारिवारिक प्रकरणों, विद्युत अधिनियम के प्रकरणों, धन वसूली प्रकरणों आदि का निराकरण पक्षकारों की आपसी सहमति से किया जावेगा। नेशनल लोक अदालत में विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 126 एवं 135 के अंतर्गत न्यायालयों में लंबित प्रकरणों के लिए निम्नदाब श्रेणी के समस्त घरेलू, समस्त कृषि, 5 किलो वाट तक के गैर घरेलू, 10 अश्वशक्ति भार तक के औद्योगिक उपभोक्ताओं को छूट दी जावेगी। इन प्रकरणों में प्री-लिटिगेशन स्तर पर कंपनी द्वारा आंकलित सिविल दायित्व की राशि में 30 प्रतिशत एवं आंकलित राशि के भुगतान में चूक किये जाने पर निर्धारण आदेश जारी होने की तिथि से 30 दिवस की अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रत्येक छः माही चक्रवृद्धि दर अनुसार 16 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से लगने वाले ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत की छूट दी जावेगी। लिटिगेशन स्तर पर कंपनी द्वारा आंकलित सिविल दायित्व की राशि में 20 प्रतिशत एवं आंकलित राशि के भुगतान में चूक किये जाने पर निर्धारण आदेश जारी होने की तिथि से 30 दिवस की अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रत्येक छः माही चक्रवृद्धि दर अनुसार 16 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से लगने वाले ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत की छूट दी जावेगी। सामान्य विद्युत देयकों के विरूद्ध बकाया राशि पर कोई छूट नहीं दी जावेगी। यह छूट मात्र नेशनल लोक अदालत में समझौता करने के लिए ही लागू रहेगी। अपराध शमन फीस, अधिनियम के प्रावधान अनुसार वसूल की जावेगी।

वीरेन्द्र जोशी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी ने अपील की है कि 14 को न्यायालय में उपस्थित होकर अपने राजीनामा योग्य प्रकरणों का निराकरण कराये तथा विवाद विहीन समाज की संकल्पना में न्यायिक प्रक्रिया में सहयोग प्रदान करे।

## सरपंद पद का मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न



**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** ग्राम पंचायत चिलरी कला में सरपंद पद का मतदान शांतिपूर्ण संपन्न हुआ। ग्राम पंचायत चिलरी कला में सरपंच पद हेतु 4 प्रत्याशी मैदान में थे। मतदान हेतु 3 केन्द्र बनाये गये थे। चिलरी कला में पुरूष मतदाताओं की संख्या 943, महिला मतदाताओं की संख्या 826 तथा कुल मतदाताओं की संख्या 1769 है, जिसमें 511 पुरुष मतदाताओं, 569 महिला मतदाताओं कुल 1080 मतदाताओं ने अपने मत का उपयोग किया। मतों की गणना खंड मुख्यालय में 13 को की जावेगी।

# झोपड़ी में लगी आग, जिंदा जले दो मासूम, खेत में पिता के लिए खाना लेकर आए थे, खेलते-खेलते सो गए थे

**मीडिया ऑडीटर, सिंगरौली निप्र।** सिंगरौली में खेत में बनी झोपड़ी में अचानक आग लग गई। इसमें 10 माह और 3 साल के दो बच्चे जिंदा जल गए। बेटा पिता के लिए खाना लेकर आया था। वह साथ में अपने छोटे भाई को भी ले आया था। खेलते-खेलते दोनों वहीं सो गए थे।

घटना सोमवार दोपहर करीब 3 बजे बड़बड़ गांव की है। सूचना मिलते ही मौके पर मोरवा थाने की पुलिस, चितरंगी एसडीएम सुरेश जादव और अपर कलेक्टर भी पहुंच गए।



मृतक बच्चों के नाम बाबूलाल (3 साल) और दौली (10 माह) हैं। पुलिस ने बच्चों के शव निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाए हैं। झोपड़ी में आग कैसे लगी इसकी जांच की जा रही है।

**पिता खेत में काम कर रहे थे, अचानक भड़की आग:** चितरंगी एसडीएम सुरेश जादव ने बताया कि यह गांव दुधमनिया तहसील में आता है। बच्चे के पिता सिपाहीलाल ने बताया कि मैंने अपने खलिहान में फसल की देखरेख के लिए पैरे से अस्थायी झोपड़ी बना रखी थी। दोपहर में मैं खेत में काम कर रहा था।

दोनों बच्चे मेरे लिए खाना लेकर आए थे। खाना रखकर दोनों खेलते-खेलते वहीं सो गए। इस बीच हादसा हो गया। जब तक मैं कुछ कोई समझ पाता, तब तक आग में झुलस जाने की वजह से दोनों बच्चों की मौत हो गई।

## खनिजों के अवैध उत्खनन एवं परिवहन पर 41 वाहनों के विरुद्ध संयुक्त दल द्वारा की गई कार्यवाही

**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** खनिज अधिकारी ने जानकारी देकर बताया है कि कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी ने निर्देशानुसार सम्पूर्ण सीधी जिलान्तर्गत राजस्व, पुलिस एवं खनिज अमले के द्वारा खनिजों के अवैध उत्खनन एवं परिवहन के जांच हेतु 07 सितम्बर से 09 दिसम्बर के मध्य संयुक्त मुहिम चला कर कार्यवाही की गई है।

कार्यवाही के दौरान सिंगरौली जिले की रेत खदानों से 26 वाहन, हरचोखा (छ.ग.) में स्थित रेत खदान से 03 वाहन, जिला शहडोल में स्थित रेत खदानों से 10 वाहन तथा खनिज बॉक्साइट का एक वाहन तथा गिट्टी खनिज का एक वाहन अभिवहन पारपत्र में अनुमत्त मात्रा से अधिक खनिज का परिवहन करते हुए पाये जाने पर साथ ही एक ट्रैक्टर व एक हाइवा द्वारा क्रमशः रेत व गिट्टी का बिना अभिवहन पारपत्र प्राप्त किए परिवहन करते पाये जाने पर म.प्र. खनिज (अवैध खनन, परिवहन तथा भण्डारण का निवारण) नियम 2022 के तहत जब्त किया जाकर विभिन्न नजदीकी थाना/चौकियों मे सुरक्षार्थ खड़ा कराया गया। जप्त वाहनों के विरूद्ध प्रकरण खनिज नियम के तहत पंजीबद्ध कर अग्रिम कार्यवाही हेतु कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत किया गया है।

# अवैध रेत से भरा मिनी ट्रक जब्त

## पुलिस कर रही थी पीछा, कार से टकराने के बाद पकड़ में आया चालक और वाहन



**मीडिया ऑडीटर, शहडोल निप्र।** रेत का अवैध परिवहन करते एक मिनी ट्रक को बुढार पुलिस ने रेलवे अंडर ब्रिज के पास से पकड़ा है। पुलिस वाहन का पीछा कर रही थी, तभी अंडर ब्रिज के पास मिनी ट्रक एक कार से टकरा गया और पीछे से पुलिस पहुंच गई चालक और मालिक के खिलाफ पुलिस ने केस दर्ज कर वाहन को जब्त कर लिया है। घटना सोमवार दोपहर की है।

बताया गया कि बुढार थाना क्षेत्र के जरवाही सोन नदी से रेत का अवैध उत्खनन कर मिनी ट्रक में परिवहन किया जा रहा था। पुलिस को इसकी जानकारी मुखबिर ने दी। पुलिस बुढार के सेटिंग मार्ग पर वाहन का इंतजार कर रही थी।

पुलिस देखकर रेत से भरा मिनी ट्रैक लेकर चालक रेलवे अंडर ब्रिज की ओर भागने लगा। टीम वाहन का पीछा कर रही थी, तभी अंडर ब्रिज के पास अवैध रेत से भरा मिनी ट्रैक एक कार से टकरा गया। हालांकि कार सवार सभी सुरक्षित हैं। कार में लगा साइड ग्लास टूट गया, तभी पीछे से पुलिस पहुंच गई और पुलिस ने मिनी ट्रक के चालक को मौके से ही पकड़ लिया।

पुलिस ने बताया की पकड़े गए चालाक ने अपना नाम राघवेन्द्र पिता बदन सिंह गोड़ (32) निवासी ग्राम घोरवे बताया है। उसने पूछताछ में बताया कि वाहन मालिक शिवम पिता शेषमणी अवस्थी (30) निवासी सेंटिन टोला के कहने पर वह जरवाही सोन नदी से अवैध रेत लेकर बुढार नगर उसे डंप करने आ रहा था।

थाना प्रभारी संजय जायसवाल ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर निरंतर कार्रवाई की जा रही है। अवैध कारोबार पर रोक लगाने का पुलिस पूरा प्रयास कर रही है। इसी क्रम में अवैध रेत से भरे मिनी ट्रक को जब्त किया है। चालक और मलिक को इस मामले में गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

# 100 दिवसीय निश्चय शिविर अभियान का शुभारंभ

## विधायक ने निश्चय वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

### जन-जन का रखें ध्यान, टीबी मुक्त भारत अभियान

**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत 100 दिवसीय निश्चय शिविर अभियान का शुभारंभ विधायक सीधी रीती पाठक के मुख्य आतिथ्य में जिला चिकित्सालय सीधी में आयोजित कार्यक्रम में किया गया। विधायक पाठक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश को टीबी मुक्त बनाने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। सभी की सक्रिय सहभागिता से निश्चय ही टीबी हारेगा और देश जीतेगा। उन्होंने कहा कि सभी लोग इस अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सेदारी निभाए ताकि आने वाले समय में आपके गांव को, आपके ग्राम पंचायत को और सीधी को टीबी जैसी बीमारी से मुक्त किया जा सके। इस अवसर पर विधायक द्वारा टीबी मुक्त ग्राम पंचायत हेतु शपथ भी दिलवाई गई तत्पश्चात निश्चय वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।







मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अंशुमन राज ने कहा कि इस अभियान को सफल बनाने में पंचायत विभाग के 400 ग्राम पंचायत के सदस्यों द्वारा पंचायत के टीबी मरीज को गोद ले कर पोषण आहार का वितरण किया जाएगा। साथ ही महिला बाल विकास एवं स्वयंसेवी संस्थाएं शामिल हो कर अभियान में सहयोग करेंगी। अगर गांव में टीबी के संभावित रोगियों को जल्द से जल्द चिन्हित कर उन्हें जांच केंद्र तक पहुंचाया जा सके तो उन्हें तुरंत उपचार मिल सकता है।

जिला क्षय अधिकारी डॉ हिमेश पाठक द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि यह अभियान 24 मार्च 2025 तक चलेगा। इस अभियान के अंतर्गत समुदाय में छूटे हुए टीबी के मामलों को जल्दी से पहचाना है ताकि संक्रमण का प्रसार रोका जा सके और गांव व समुदायों को जल्द से जल्द टीबी मुक्त बनाया जा सके। साथ ही अगर कोई व्यक्ति जांच के दौरान टीबी का मरीज पाया जाता है तो उसे निश्चय पोषण योजना अंतर्गत एक हजार रुपये प्रति माह भी दिए जाते हैं ताकि वह समुदाय स्तर पर कुछ पौष्टिक चीज खरीद कर सेवन कर सके। वहीं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ सुनीता तिवारी द्वारा बताया गया कि इस अभियान के तहत उन कमजोर लोगों तक पहुंचा जाएगा जो कुपोषण, एचआईवी, डायबिटीज, धूम्रपान, शराब का सेवन या टीबी रोगियों के संपर्क में होने जैसे कारणों से टीबी के सक्रिय रोगी हो सकते हैं यदि वह लोग समय पर स्वास्थ्य सेवाओं तक नहीं पहुंचते तो बीमारी फैलने के साथ-साथ उनकी हालत भी गंभीर हो सकती है।

कार्यक्रम में सिविल सर्जन डॉ. दीपारानी इसरानी, डब्ल्यूएचओ कंसलटेंट डॉ दिव्यांशु शुक्ला, डीपीसी अशफाक अहमद, पीएमडीटी विनोद तिवारी, पीपीएसए टीम लीडर जितेंद्र सिंह, पिरामल डीपीओ प्रदीप उपाध्याय, डीपीसी अभिलाषा सिंह एवं आशा कार्यकर्ता आदि लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान 12 निश्चय मित्र बनाए गए साथ ही पोषण आहार का वितरण किया गया। कार्यक्रम का संचालन पीरामल फाउंडेशन के डीपीओ प्रदीप उपाध्याय के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में सभी ब्लाक से बीएमओ, बीपीएम, बीसीएम एवं एसटीएस, एसटीएलएस एवं आशा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जन शिक्षक ने किया निरीक्षण

## बच्चों को ठंड से बचाने के लिए अलाव जलाने को कहा, अधीक्षक को दिए जरूरी निर्देश

**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** सीधी जिले के कुसमी आदिवासी विकासखंड के अंतर्गत बीआरसीसी अंगिरा द्विवेदी के निर्देश पर जनशिक्षक संजय सिन्हा ने अंग्रेजी आदिवासी बालक छात्रावास आश्रम शाला का सोमवार के दिन निरीक्षण किया। जहां उन्होंने छात्रावास की क्लास रूम, शयनकक्ष, टायलेट, किचन सहित विद्यालय कैंम्पस की व्यवस्थाओं को जायजा लेते हुए शैक्षणिक कार्य और विषय वार जानकारी ली।

साथ ही छात्रों के अध्ययन संबंधी हर विषय पर पूछताछ की। वहीं छोटे बच्चों को ठंड से बचाने के निर्देश देते हुए अलाव की व्यवस्था करने को भी अधीक्षक को कहा है। साथ ही जन शिक्षक की ओर से कार्यालय के दस्तावेज जानकारी समय पर देने के लिए शिक्षकों से भी चर्चा की है।

# विचार

## राहुल गांधी लड़ते क्यों नहीं हैं ?

2024 के लोकसभा चुनाव से पहले विपक्षी दलों द्वारा बनाया गया इंडिया गठबंधन अब बिखरता हुआ नजर आने लगा है। लोकसभा चुनाव में पीएम नरेंद्र मोदी की पार्टी भाजपा का रथ 240 पर रोकने से उत्साहित विपक्षी दल के नेता ही नहीं बल्कि उनके नेता और कार्यकर्ताओं तक को लगने लगा था कि यह सरकार अब पहले की तरह अड़ कर काम नहीं पाएगी।


लेकिन हर गुजरते महीने के साथ ही विपक्षी नेताओं का यह भ्रम टूटता हुआ सा नजर आने लगा है। लोकसभा चुनाव में अपनी पार्टी कांग्रेस को 99 सीटों पर जीत दिलाकर राहुल गांधी ने अपने नेतृत्व को जिस अंदाज में स्थापित करने की शुरुआत की थी, वह विश्वास भी अब दरकता हुआ नजर आ रहा है। राहुल गांधी और कांग्रेस के नेतृत्व को अप्रत्यक्ष तरीके से स्वीकार कर लेने वाले अखिलेश यादव, ममता बनर्जी, शरद पवार, उद्धव ठाकरे और तेजस्वी यादव जैसे नेताओं के विचार भी अब बदलते हुए नजर आने लगे हैं। लोकसभा चुनाव के नतीजों के बाद राहुल गांधी के नेतृत्व को लेकर जो स्वीकार्यता बढ़ती हुई नजर आने लगी थी, उसे हरियाणा और महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के नतीजों ने पूरी तरह से चकनाचूर कर दिया है।

झारखंड में विपक्षी इंडिया गठबंधन को फिर से सरकार बनाने में कामयाबी तो मिल गई है लेकिन इसका पूरा श्रेय जेएमएम नेता और राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जा रहा है। लेकिन महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में महाविकास अघाड़ी गठबंधन को मिली हार का ठीकरा एक तरह से राहुल गांधी पर ही फोड़ा जा रहा है जबकि इस गठबंधन में महाराष्ट्र की राजनीति के दिग्गज नेता माने जाने वाले शरद पवार और बालासाहेब ठाकरे की विरासत पर दावा करने वाले उद्धव ठाकरे भी शामिल हैं। हरियाणा विधानसभा चुनाव के बाद कांग्रेस के सहयोगी जो बातें दबी जुबान में कह रहे थे, महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के नतीजों के बाद वही बातें खुल कर कहने लगे हैं। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री एवं तृणमूल कांग्रेस की नेता ममता बनर्जी ने खुल कर इंडिया गठबंधन का नेतृत्व करने की अपनी इच्छा जाहिर कर दी है। इससे पहले उन्ही की पार्टी के सांसद कल्याण बनर्जी राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए यह कह चुके हैं कि कांग्रेस लगातार चुनाव हार रही है, कांग्रेस ने अपने परफॉर्मेंस से इंडिया गठबंधन को निराश कर दिया है। कल्याण बनर्जी तो यहां तक बोल गए कि कांग्रेस को अपना अहंकार त्याग कर ममता बनर्जी को अपना नेता मान लेना चाहिए। समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव भी कई बार इशारों-इशारों में और कई बार खुलकर कांग्रेस के रवैये पर सवाल उठा चुके हैं।

# संविधान की दिवस की रस्मी अदायगी से नहीं बदलेगी हकीकत

**योगेंद्र योगी**

**26 नवंबर 1949 को भारत का संविधान पारित किया गया और अपनाया गया। इस दिन को संविधान दिवस या राष्ट्रीय कानून दिवस के रूप में जाना जाता है। डॉ. भीमराव अंबेडकर ने कहा था कि भारत का संविधान व्यावहारिक, लचीला, और मज़बूत है। संविधान में हर समस्या का समाधान है। संविधान भारतीय लोकतंत्र की आत्मा है। इसके बावजूद आजादी के बाद से केंद्र हो या राज्यों की सरकारें, सभी ने संविधान में मौजूद कानूनों को अपने राजनीतिक फायदों के लिए इस्तेमाल करने में कसर बाकी नहीं रखी। राजनीतिक दलों की साा लोलुपता के कारण संविधान काफी हद तक कानून का पुलंदा बन कर रह गया। राजनीतिक दलों की मनमानी का आलम ही है कि देश आज भी गरीबी, असमानता, अपराध, जनसंया बढ़ोतरी, पर्यावरणीय समस्या और बुनियादी सुविधाओं की कमी से जूझ रहा है।**




गसंविधान का दुरुपयोग केंद्र में हर दल की सरकार ने करने की भरसक कोशिश की है। इंदिरा गांधी ने अपनी सत्ता बचाने के लिए देश में आपात्तकाल लगा दिया। संविधान की सरेआम धज्जियां उड़ाने का ऐसा मंजर भारत में कभी देखने को नहीं मिला। इसके बाद केंद्र में लंबे अर्से तक शासन में रही कांग्रेस की सरकार ने संविधान के दुरुपयोग में कोई कसर बाकी नहीं रखी। राज्यों की सरकारों को बर्खास्त करने के लिए आर्टिकल 356 का जमकर दुरुपयोग किया गया। इंदिरा गांधी ने आर्टिकल 356 का 50 बार दुरुपयोग किया। श्रीमती गांधी ने विपक्षी और क्षेत्रीय दलों की सरकारों को गिरा दिया। केरल में वामपंथी सरकार चुनी गई, जिसे नेहरू पसंद नहीं करते थे, उसे गिरा दिया गया। करुणानिधि जैसे दिग्गजों की सरकारें गिरा दी गईं। कुल 90 बार चुनी हुई सरकारों को गिराया गया। कांग्रेस सरकार ने डीएमके और वामपंथी सरकारों को गिराया। बदनियति से संविधान के कानूनों को अपनी सुविधा के हिसाब से बदलने और लागू करने का काम सिर्फ कांग्रेस ने ही नहीं किया, बल्कि केंद्र में शासन में आने के बाद भाजपा भी इसमें पीछे नहीं रही। सर्वोच्च न्यायालय ने एक महत्वपूर्ण फैसले में संविधान के 99वें संशोधन और राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग (एनजेएसी) अधिनियम को असंवैधानिक करार देते हुए इसे निरस्त कर दिया और उच्च न्यायालयों तथा सर्वोच्च न्यायालय में न्यायाधीशों की नियुक्ति के लिए पुरानी कॉलेजियम प्रणाली को बहाल कर दिया।

देश के लोगों की सोशल मीडिया के जरिए अभिव्यक्ति और असहमति के अधिकार को केंद्र और राज्यों के कुचलने की कोशिश को सुप्रीम कोर्ट ने नाकाम कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने आईटी एक्ट की धारा 66 ए को असंवैधानिक करार दिया। अदालत ने सभी राज्यों के पुलिस महानिदेशकों और गृह सचिवों को यह सुनिश्चित करने के लिए कई निर्देश जारी किए कि सभी लंबित मामलों से धारा 66 ए का संदर्भ हटा दिया जाए। कोर्ट ने यह भी निर्देश दिया कि प्रकाशित आईटी अधिनियम के बेयरएक्ट्स को पाठकों को पर्याप्त रूप से सूचित करना चाहिए कि धारा 66 ए को अमान्य कर दिया गया है। इस धारा में यह प्रावधान था कि सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक, उत्तेजक या भावनाएं भड़काने वाली सामग्री डालने पर व्यक्ति को गिरफ्तारी किया जा सकता है, लेकिन शीर्ष अदालत ने इस कानून को संविधान के अनुच्छेद 19.1.ए के तहत बोलने और अभिव्यक्ति की आजादी के मौलिक अधिकार के खिलाफ बताकर निरस्त कर दिया था।

आरक्षण को लेकर सभी राजनीतिक दल वोटों की राजनीतिक करते रहे हैं। आरक्षण के सही प्रावधानों को लागू करने में भी नेताओं को वोटों का डर सताता रहा है। यही वजह रही है कि आरक्षण के फायदे-नुकसान पर कोई दल किसी तरह की चर्चा तक करने को तैयार नहीं होता। आरक्षण को लेकर राजनीतिक दलों ने संविधान से छेड़छाड़ करने में कसर बाकी नहीं रखी। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली सुप्रीम कोर्ट की सात जजों की बेंच ने अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के कोटे में कोटा दिए जाने को मंजूरी दी थी। उस दौरान कोर्ट ने कहा था कि एससी-एसटी कैटेगरी के भीतर नई सब कैटेगरी बना सकते हैं और इसके तहत अति पिछड़े तबके को अलग से रिजर्वेशन दे सकते हैं। इसको लेकर पीएम नरेंद्र मोदी से संसद भवन में 100 दलित सांसद मिले। इसके बाद केंद्र ने इसकी घोषणा भी कर दी कि जरूरत पड़ी तो संसद में विधेयक लाया जाएगा, पर आरक्षण के मौजूदा प्रावधानों में कोई बदलाव मंजूर नहीं होगा। हालांकि तमिलनाडु और कर्नाटक ने सुप्रीम कोर्ट के कोटे में कोटा के निर्णय पर अमल का फैसला किया।

इतना ही नहीं संविधान से इतर जाकर राज्यों की सरकारों ने भी वोटों की राजनीति के लिए आरक्षण को हथियार बनाने के प्रयासों में कसर बाकी नहीं रखी। हां, कुछ राज्यों ने निजी क्षेत्र में स्थानीय लोगों के लिए आरक्षण देने का कानून बनाने की कोशिश की है। हालांकि, इन कोशिशों को संवैधानिक चुनौतियों का सामना करना पड़ा। साल 2008 में महाराष्ट्र सरकार ने भूमिपुत्रों को 80 प्रतिशत आरक्षण देने की कोशिश की थी। साल 2019 में आंध्र प्रदेश सरकार ने निजी क्षेत्र में 75 प्रतिशत स्थानीय आरक्षण अनिवार्य करने वाला कानून पारित किया था। साल 2020 में हरियाणा सरकार ने निजी क्षेत्र में 75 प्रतिशत स्थानीय आरक्षण देने का कानून बनाया था। हालांकि, पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय ने इसे असंवैधानिक माना था।

इसी तरह साल 2023 में झारखंड ने निजी क्षेत्र में स्थानीय उम्मीदवारों के लिए 75 प्रतिशत आरक्षण अनिवार्य करने वाला कानून पेश किया था। कर्नाटक सरकार ने भी निजी क्षेत्र में स्थानीय लोगों के लिए आरक्षण देने का विधेयक पेश किया था। हालांकि, उद्योग जगत की प्रतिक्रिया के बाद इसे स्थगित कर दिया गया। संविधान के अनुच्छेद 16(3) के मुताबिक, संसद ही किसी खास राज्य में नौकरियों के लिए निवास की ज़रूरत तय करने का कानून बना सकती है। संविधान दिवस मनाना महज एक रस्मी रिवायत रह गई है। केंद्र के साथ राज्यों के भी कानूनों से खिलवाड़ करने के ढेरों उदाहरण मौजूद हैं। बिहार और उत्तर प्रदेश में अपराधी और माफिया का दबदबा इसके उदाहरण हैं। राजनीतिक दलों ने कानून को शर्मसार करते हुए अपराधियों को संरक्षण देने का काम किया है। संविधान के कानूनों का जब तक निष्पक्षता से पालन नहीं किया जाएगा तब तक संविधान दिवस जैसे प्रयास देश की मौजूदा समस्याओं के समक्ष मुंह चिढ़ाने जैसे ही रहेंगे।

## सौंदर्य से मालामाल कानाताल

**तेजस कपूर**

कानाताल उत्तराखंड में है। मनोरम परिदृश्यों से ओतप्रोत यह राज्य दिव्य पर्वतराज हिमालय से रक्षित, भारतवर्ष की अनेक पावन नदियों से सिंचित, विभिन्न वन्यजीवों तथा विविध वनस्पतियों से विभूषित प्रसिद्ध धरा है। वनों की हरियाली, सरोवरों, पर्वतों, नदियों आदि की सुन्दरता, साथ ही उनके साथ जुड़ी विभिन्न देवी-देवताओं की कथाएं व किंवदंतियां ही वे कारण हैं जिनसे इस राज्य का नाम देवभूमि पड़ा। उत्तराखंड के गढ़वाल क्षेत्र में कानाताल एक गांवखेड़ा



है। कानाताल शब्द दो शब्दों के मेल से बना है, काना अर्थात्? सूखा तथा ताल अर्थात्? सरोवर। कानाताल गढ़वाल हिमालय के बन्दरपूंछ पर्वत शृंखला के अप्रतिम दृश्यों के लिए जाना जाता है। कानाताल एवं आसपास के क्षेत्रों के भ्रमण का सर्वोत्तम समय है, ग्रीष्म ऋतु में अप्रैल से जुलाई मास तक। वर्षा ऋतु में कानाताल भ्रमण को टालना बुद्धिमानी होगी। यहीं का एक और पवित्र स्थल है सुरकंडा देवी मंदिर। यह मंदिर कानाताल पर्वतमाला की सर्वोच्च चोटी पर स्थित है। मंदिर परिसर से गढ़वाल हिमालय एवं बन्दरपूंछ पर्वत शृंखला का चौतरफा दृश्य दिखाई देता है। इस मंदिर से किंचित दूर एक अन्य शक्तिपीठ है जिसका नाम कुंजापुरी मंदिर है। कानाताल तीन ओर से घने कौड़िया वन से घिरा हुआ है। यह वन साहसिक चढ़ाई एवं सफारी के लिए लोकप्रिय है। इस इलाके के भ्रमण में टिहरी बांध का जिक्र कैसे छूटे। टिहरी बांध का जलाशय 70 वर्ग किलोमीटर के क्षेत्र में फैला हुआ है। टिहरी बांध एवं टिहरी जलक्रीड़ा पर्यटन संकुल कानाताल से लगभग 30 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। कानाताल के आसपास अन्य लोकप्रिय पर्यटन स्थल हैं, धनौल्टी, मसूरी, आध्यात्मिक राजधानी ऋषिकेश एवं हरिद्वार।

# आखिर सम्राट चौधरी के सियासी उभार से हाशिए पर क्यों चले गए तेजस्वी यादव

**कमलेश पांडे**

बिहार की प्रमुख विपक्षी पार्टी राष्ट्रीय जनता दल के नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के लुढ़कते जनाधार से सेक्यूलर सियासतदान परेशान हैं। उनकी चिंता है कि भाजपा ने बिहार के युवा नेता और मौजूदा उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी पर दांव क्या लगाया, तेजस्वी यादव जितनी तेजी से उभरे थे, उससे भी तेज गति से हाशिए पर जाते प्रतीत हो रहे हैं! कोई इसे कांग्रेस नेता व लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और भाकपा माले की सियासी शोहबत का साइड इफेक्ट्स करार दे रहा है तो कोई इसे यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव, राज्यसभा सांसद उपेंद्र कुशवाहा जैसे नेताओं से जारी सियासी लुकाछिपी का असर करार दे रहा है। जबकि राजनीतिक प्रेक्षकों का मानना है कि लालू प्रसाद की तरह ही तेजस्वी यादव की मुस्लिम परस्त वाली राजनीतिक छवि एक ओर जहां मुस्लिम-यादव (एमवाई) समीकरण को उनसे जोड़े हुए है, जबकि इसकी प्रतिक्रिया में वो सवर्ण वोट भी उनसे छिटक गया, जो कभी मुख्यमंत्री और जदयू नेता नीतीश कुमार को राजनीतिक सबक सिखाने के लिए राजद और तेजस्वी यादव से जुड़ने की कोशिश किया था। लेकिन जैसे ही तेजस्वी यादव, नीतीश कुमार के आशीर्वाद से एक नहीं बल्कि दो-दो बार बिहार के उपमुख्यमंत्री बने, तो वो युवा जनाधार भी उनसे छिटक गया। इस बात का खुलासा तब हुआ जब लोकसभा चुनाव 2024 और बिहार विधानसभा उपचुनाव 2024 में इंडिया गठबंधन का बिहार में सूबाई इंजन बने रहने के बावजूद राजद प्रमुख तेजस्वी यादव अपनी वह राजनीतिक सफलता नहीं दोहरा पाए, जैसा कि उन्होंने बिहार विधानसभा चुनाव 2020 में या उससे पहले प्रदर्शित किया था। बता दें कि बिहार की 40 लोकसभा सीटों में से महज 9 सीट ही इंडिया गठबंधन जीत सकी, जिसमें राजद को 4, कांग्रेस को तीन और भाकपा माले को दो सीटें मिलीं थीं। यह लोकसभा चुनाव 2019 के मुकाबले राजद का बेहतर परफॉर्मेंस है, लेकिन बिहार विधानसभा चुनाव 2020 के मुकाबले काफी निराशाजनक, क्योंकि तब राजद राज्य की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी के तौर पर उभरा था। वहीं, बिहार विधानसभा उपचुनाव 2024 में 4 सीटों में से एक भी सीट राजद या उसके इंडिया गठबंधन को नहीं मिली। जबकि पड़ोसी राज्य यूपी में इंडिया गठबंधन की सूबाई इंजन सपा ने 80 में से 43 (सपा- 37 और कांग्रेस- 6) सीटें जीतकर बीजेपी को 50 प्रतिशत से अधिक सीटों पर जबरदस्त मात दी थी और यूपी विधानसभा उपचुनाव 2024 में भी 9 में से 2 सीटें जीतने में कामयाब रही। इससे तेजस्वी यादव का बिहार में चिंतित होना स्वाभाविक है। क्योंकि अब इंडिया गठबंधन की हवा निकल चुकी है और उसमें कांग्रेस के नेतृत्व पर भी सवाल उठ रहे हैं। इसलिए बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के दौरान तेजस्वी यादव को अपनी सियासी साख बचाने के लिए न केवल कड़ी राजनीतिक मशक्कत करनी पड़ेगी, बल्कि सियासी सूझबूझ भी नए सिरे से दिखानी होगी, जिसके आसार बहुत कम हैं।

इसलिए अब यह कहा जाने लगा है कि भाजपा के सम्राट चौधरी दांव पर तेजस्वी यादव चारो खाने चित्त हो गए हैं। जहां लोकसभा चुनाव 2024 में यूपी वाले इंडिया गठबंधन यानी समाजवादी पार्टी-कांग्रेस गठजोड़ की हासिल उपलब्धि की तरह को बिहार में कुछ खास नहीं कर पाए, वहीं बिहार





विधानसभा उपचुनाव 2024 में उससे भी बुरा सियासी प्रदर्शन किया, जिससे अब उनके नेतृत्व पर ही सवाल उठने लगे हैं। कुछ लोगों का कहना है कि लालू प्रसाद यादव जैसे रघुवंश प्रसाद सिंह या जगतानंद सिंह जैसे कद्दावर नेताओं की दूसरी कतार की तरह राजद में अपने मुकाबले कोई दूसरी कतार बनने ही नहीं दिया, जिसका अब उन्हें राजनीतिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। इतना ही नहीं, लालू प्रसाद जैसे भाजपा में सुशील मोदी जैसा बैकडोर शुभचिंतक रखते थे, कोई वैसा दूसरा हमउम्र शुभचिंतक पैदा करने में भी तेजस्वी यादव सर्वथा विफल रहे हैं! कहना न होगा कि आज तेजस्वी यादव और सम्राट चौधरी महज व्यक्ति नहीं, बल्कि विचार बन चुके हैं। तेजस्वी यादव जहां सेक्यूलर जमात की तरफदारी कर रहे हैं, वहीं सम्राट चौधरी अपने धर्मनिरपेक्ष मिजाज के बावजूद प्रबल हिंदुत्व के समर्थकों की एकमात्र उम्मीद बनकर उभरे हैं और केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह की तरह दबंगई पूर्वक अपनी बात रखते हैं। यही वजह है कि पहले उन्हें बीजेपी ने मंत्री बनाया, फिर प्रदेश अध्यक्ष बनने का मौका दिया और उसके बाद सीधे उपमुख्यमंत्री बना दिया। वहीं, सम्राट चौधरी के बढ़ते सियासी ग्राफ का सेंसेक्स इस बात का संकेत दे रहा है कि भविष्य में तीसरी पीढ़ी के भाजपा नेताओं से जब प्रदेश में ओबीसी मुख्यमंत्री या फिर देश में ओबीसी प्रधानमंत्री बनाने की बात छिड़ेगी तो सम्राट चौधरी के नामों को खारिज करना इसलिए भी कठिन हो जाएगा, क्योंकि पूर्वी भारत में वो एकमात्र ऐसे भाजपा नेता हैं जिन्हें न केवल पीएम नरेंद्र मोदी और एचएम अमित शाह पसंद करते हैं, बल्कि यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस भी उनके सियासी अंदाज को तवज्जो देते हैं। यह बात मैं इसलिए बता रहा हूँ ताकि बिहारवासी यह समझ सकें कि सियासत एक चक्रब्युह है, जिसे अमूमन तलाश किसी अभिमन्यु की रहती है, लेकिन समकालीन अर्जुन वह गलतियां नहीं दुहराता, जो महाभारत काल में दुहराई जा चुकी हैं। आज लालू प्रसाद और शकुनी चौधरी जैसे सियासी धुरंधर पग-पग पर अपने पुत्रों का मार्गदर्शन कर रहे हैं। आपको पता होगा कि बिहार की राजनीति को लगभग 15 वर्षों तक (1990-2005) अपने हिसाब से हांकने वाले पूर्व मुख्यमंत्री और राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद के तेजस्वी पुत्र तेजस्वी यादव हैं, जबकि उस दौर में भी लालू प्रसाद को कड़ी सियासी चुनौती देने वाले उनकी ही सरकार के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री शकुनी चौधरी के यशस्वी पुत्र सम्राट चौधरी हैं। जो बिहार के सबसे कम उम्र के मंत्री बनने का रिकॉर्ड स्थापित कर चुके हैं।

# शादी घरों में चोरी करने वाला गैंग सक्रिय

## समारोह में दुल्हा-दुल्हन को मिले उपहार ले गए चोर, पुलिस की लापरवाही से भाग निकले संदेही






**मीडिया ऑडीटर, बिलासपुर एजेंसी।** बिलासपुर में शादी के सीजन में चोरी करने वाला गैंग सक्रिय हो गया है। एक वैवाहिक आयोजन के दौरान गिरोह के सदस्य पार्टी में पहुंच गए और मौका मिलते ही दुल्हा-दुल्हन को गिफ्ट में लिफाफा और गहनों को चोरी कर ले गए। इसकी भनक लगते ही आयोजकों ने पुलिस को जानकारी दी। लेकिन, पुलिस ने लापरवाही बरती और तत्काल जांच करने के बजाए स्टाफ नहीं होने का बहाना बनाती रही। जिसकी वजह से संदेही भाग निकले। दूसरे दिन पुलिस केस दर्ज कर मामले की जांच करने का दावा कर रही है। घटना चकरभाठा थाना क्षेत्र की है।

चकरभाठा के वार्ड नंबर सात में रहने वाले निखिल तिवारी नगर सैनिक हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि उनके साले राहुल पांडेय की शादी थी। विवाह के बाद बोदरी स्थित मंगल भवन में प्रीति भोज का आयोजन किया गया था। परिजनों ने दुल्हा-दुल्हन को मिले उपहार, लिफाफे को एक टेलब में रखा था। इसके साथ ही जेवर एक थैला में रखकर टेबल पर रख दिया था।

**समारोह में व्यस्त होते ही गायब हुआ गिफ्ट और थैला:** इस दौरान आयोजक परिवार के सदस्य समारोह में मेहमाननवाजी करने में व्यस्त हो गई। इसी बीच गहनों से से भरा थैला और उपहार टेबल से गायब हो गए। इसकी जानकारी मिलते ही शादी घर में हड़कंप मच गया। इस दौरान संदेहियों की खोजबीन शुरू कर दी।

**वीडियो में डीजे वाला थैला ले जाते दिखा:** परेशान परिजनों ने तत्काल वैवाहिक कार्यक्रम का वीडियो की जांच की। वीडियो में डीजे में काम करने वाला शिव साहू थैला लेकर जाते हुए दिखा। जिस पर आयोजकों ने उसे पकड़कर पूछताछ की। साथ ही इस घटना की जानकारी चकरभाठा थाने में भी दी। संदेही शिव साहू के कब्जे से सात हजार रुपए मिले हैं। परिजनों ने संदेही युवक और उससे बरामद पैसों को पुलिस को सौंप दिया।

**पुलिस पर लगाया लापरवाही का आरोप:** निखिल और उनके परिजनों काआरोप है कि पुलिस की लापरवाही के कारण आरोपी भागने में कामयाब हो गए। पीड़ित पक्ष ने बताया कि चोरी की जानकारी मिलते ही उन्होंने पुलिस को सूचना दी थी। पुलिस की टीम जब मौके पर पहुंची तब तक संदेही पकड़ में आ गया था। उसके पास से जेवर नहीं मिले। इससे आशंका है कि उसके और साथी आसपास ही मौजूद रहे होंगे। परिजनों ने पुलिस से उसके साथियों की तलाश करने कहा। इस पर काम ज्यादा और स्टाफ कम होने का हवाला देकर उनकी शिकायत तक नहीं लिखी गई। न ही संदेहियों की पतासाजी की गई। दूसरे दिन उनकी शिकायत पर एफआईआर दर्ज की गई। उनका आरोप है कि पुलिस तत्परता दिखाती तो चोरी के जेवर और रुपए मिल जाते। अन्य आरोपी भी उसी समय पकड़ में भी आ जाते।

# पोर्नोग्राफी-केस में फंसाने की धमकी देकर 54 लाख ठगे

## बाल काटने वाले लड़कों ने रिटायर्ड अफसर से की वसूली, इनका अमेरिका, चाइना और यूरोप कनेक्शन




**मीडिया ऑडीटर, बिलासपुर एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर के रिटायर्ड अफसर को पोर्नोग्राफी और मनी लॉन्ड्रिंग केस में फंसाने की धमकी देकर 54 लाख 30 हजार रुपए की ठगी की है। सैलून में काम करने वाले और कॉलेज छात्रों ने खुद को ईडी अधिकारी बताकर धमकाया था। इसके बाद किस्तों में रिटायर्ड अफसर से रकम ली गई। ठगी में राजस्थान के अलवर के 3 युवक शामिल हैं। इनमें 2 आरोपी पकड़े गए हैं, जबकि एक फरार है। साइबर ठगों के गैंग का उत्तरी अमेरिका, चाइना और यूरोप कनेक्शन होने का भी पता चला है। यूएसटीडी क्रिप्टोकरेंसी में इन्वेस्ट कर ठगी के पैसों को सुरक्षित किया है।

**20 दिन के भीतर अलग-अलग किस्तों में रकम ट्रांसफर:** एसपी रजनेश सिंह ने बताया कि सिविल लाइन क्षेत्र के अज्ञेयनगर निवासी 71 वर्षीय जय सिंह चंदेल रिटायर्ड अफसर हैं। बीते जुलाई में उनसे ठगी हुई है। आरोपियों ने 20 दिन के भीतर अलग-अलग किस्तों में रुपए ट्रांसफर कराए। इसके बाद भी फंसाने की धमकी देते रहे। आखिरकार परेशान होकर उन्होंने रेंज थाने में शिकायत दर्ज कराई।

**पुलिस ने अलवर और हरियाणा में डेरा डाला:** एफआईआर दर्ज करने के बाद पुलिस ने जब जांच शुरू की। मोबाइल कॉल्स की तकनीकी जांच की, तब आरोपियों के राजस्थान के अलवर से कॉल करने की जानकारी मिली। बैंक अकाउंट्स सहित अन्य डिटेल्स निकाल कर जांच की गई। पुलिस की टीम ने अलवर और हरियाणा में डेरा डाला, तब 2 युवकों को गिरफ्तार किया।

**सैलून में काम करते हैं आरोपी, डिप्लोमा इंजीनियरिंग की पढ़ाई:** अलवर में आरोपियों के ठिकाने में दबिश देकर पुलिस ने कोतवाली थाना क्षेत्र के फैमिली लाइन स्क्रीम नंबर 3 निवासी निकुंज कुमार और शिवाजी पार्क विजय मंदिर रोड साबह जौहड़ा निवासी लक्ष्य सैनी (20) को पकड़ लिया। दोनों आरोपी सैलून में काम करते हैं और पॉलिटेक्निक में डिप्लोमा की पढ़ाई कर रहे हैं। एक के पिता टेंट हाउस चलाते हैं और दूसरे के कुरियर कंपनी में काम करते हैं।

दोनों आरोपियों के बैंक अकाउंट में ठगी के पैसे ट्रांसफर किए गए हैं। दोनों के अकाउंट में 9-9 लाख रुपए ट्रांसफर किए गए हैं। इनका तीसरा साथी गौरव अभी फरार है। पुलिस के अनुसार इस मामले में और भी गिरफ्तारियां हो सकती हैं।

**लोगों को फर्जी एफआईआर भेजकर बनाते हैं शिकार:** पुलिस अफसरों ने बताया कि ठगों ने रिटायर्ड अफसर नीरज को उनके मोबाइल से पोर्न वीडियो भेजे जाने की बात कहकर धमकाया।

इसके साथ ही उनके मोबाइल पर वॉट्सऐप के जरिए एक फर्जी एफआईआर की प्रति भेजी और कहा कि मुंबई पुलिस मामले की जांच कर रही है। मुंबई पुलिस का अधिकारी विनायक बनकर उन्हें फोन से धमकाया गया। ठगों ने कहा कि मुंबई में एक व्यक्ति के घर 274 एटीएम कार्ड मिले हैं, जिसमें से एक उनके नाम का है। इसकी जांच अब श्वष्ठ कर रही है। झांसे में लेकर अलग-अलग किस्तों में पैसे ट्रांसफर करा लिए।

**अकाउंट्स से 23 लाख रुपए रिकवर:** ठगी के इस केस में अब तक पुलिस ने हरियाणा के सिरसा जिले के ऐलनाबाद के शेरवानी क्षेत्र निवासी विजय, राजस्थान के श्रीगंगानगर जिले के सरदुलशहर के अमित जालप, श्रीगंगानगर के सदर थाना क्षेत्र के निखिल सैनी को गिरफ्तार कर चुकी है। उनके अकाउंट्स से 23 लाख रुपए रिकवर कर चुकी है।

**आरोपियों का उत्तरी अमेरिका, चाइना और यूरोप कनेक्शन:** रिटायर्ड अफसर से ठगी करने वाले इस गैंग के आरोपी निखिल सैनी ने ठगी के पैसों को अपने वॉट्सऐप ग्रुप के माध्यम से उत्तरी अमेरिका, चाइना और यूरोप के अपने संपर्क सूत्र से ज्यादा रकम देकर यूएसडीटी क्रिप्टो करंसी खरीदता था और ठगी के पैसों को सुरक्षित करता था।

इस यूएसडीटी को तय राशि से कम में इंटरनेशनल प्लेटफॉर्म पर बेचकर धोखाधड़ी के पैसे से अपनी महंगी जरूरतों को पूरा करता था।

**साइबर ठगों से बचने पुलिस की अपील:** एसपी रजनेश सिंह ने कहा कि साइबर ठग आए दिन नए-नए तरीकों के जरिए लोगों से धोखाधड़ी करने का प्रयास करते हैं। कोई भी व्यक्ति अनजान नंबर से अपने आप को पुलिस का अधिकारी, सीबीआई या श्वष्ठ का अधिकारी बताकर ठगी करने का प्रयास करते हैं। ऐसे कॉल से सावधान रहें।

## पलटी तेज रफ्तार पिकअप, बच्ची की मौत



**मीडिया ऑडीटर, कोरबा एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में तेज रफ्तार पिकअप अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में 7 साल की बच्ची की मौके पर ही मौत हो गई। 25 लोग घायल हो गए, जिनमें से 7 की हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना कटघोरा थाना क्षेत्र के घुमानीडांड के हरमोड़ की है। बताया जा रहा है कि बनखेता ग्राम पंचायत के कांसामार के लोग पिकअप में सवार होकर पिकनिक मनाने गए हुए थे। रविवार की रात पिकनिक मनाकर वापस लौट रहे थे। इस दौरान हादसे का शिकार हो गए। राहगीरों की मदद से सभी को पिकअप से बाहर निकाला गया। डायल 112 की टीम ने 108 की माध्यम से सभी घायलों को कटघोरा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, जिन्हें गंभीर हालत में जिला मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। वहीं घायल महिला ने बताया कि सभी कांसामार के रहने वाले हैं।

## 3 दोस्तों को ट्रक ने कुचला, एक मौत

### बाइक सवार 2 लोगों की हालत गंभीर,पारिवारिक समारोह में शामिल होने गए थे

**मीडिया ऑडीटर, कोरबा एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में एनएच-130 कटघोरा से अंबिकापुर मार्ग पर दर्दनाक सड़क हादसा हुआ है। रविवार देर रात ट्रक ने बाइक सवार को कुचल दिया, जिससे एक की मौके पर ही मौत हो गई। दो की हालत बेहद गंभीर है। मिली जानकारी के अनुसार तीनों दोस्त किसी पारिवारिक समारोह में गए थे, जहां से वे घर लौट रहे थे, तभी यह हादसा हो गया।

**दो की हालत गंभीर है:** घायलों को डायल 112 के माध्यम से कटघोरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। दो की हालत गंभीर है, जिन्हें डॉक्टर ने रेफर कर दिया है। हादसे के बाद नेशनल हाईवे पर वाहनों की लंबी कतार लग गई। सूचना मिलते ही कटघोरा पुलिस मौके पर पहुंची। यातायात बहाल कराया गया।

**तानाखार निवासी लक्ष्मी दास की मौत:** मृतक बाइक सवार की पहचान तानाखार निवासी लक्ष्मी दास के रूप में हुई है। घायल भुवनेश्वर और सुरेश अगरिया पिता शिव अगरिया की हालत गंभीर बनी हुई है। उनके सिर, हाथ और पैर में चोटें आई हैं। बाइक लक्ष्मीदास चला रहा था।

**सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही पुलिस:** कटघोरा पुलिस के अनुसार इस मामले में केस दर्ज कर लिया गया है। आगे की जांच जारी है। आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से वाहन का पता लगाया जा रहा है।

# आदिवासी-विद्यालय में 8वीं की छात्रा 7 महीने की गर्भवती

## 15 से नहीं आ रही थी स्कूल, प्रधानाध्यापिका बोलीं-छुट्टी में जाते हैं,वहीं ये सब होता है



**मीडिया ऑडीटर, सुकमा एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में आदिवासी बच्चों के लिए संचालित आवासीय विद्यालय में पढ़ने वाली 8वीं की छात्रा 7 माह की गर्भवती है। बताया जा रहा है कि छात्रा 15 दिन से स्कूल नहीं आ रही थी। प्रेग्नेंसी के बारे में पता चलते ही प्रबंधन ने छात्रा का स्वास्थ्य परीक्षण कराया, जिसमें गर्भधारण की पुष्टि हुई। मिली जानकारी के मुताबिक इससे कुछ दिन पहले ही एक और आवासीय विद्यालय में भी छात्रा के गर्भवती होने की पुष्टि हो चुकी है, लेकिन किसी तरह की कार्रवाई नहीं हुई है। जिला प्रशासन ने संबंधित अधीक्षिका सिर्फ कारण बताओ नोटिस ही जारी किया है।

**क्या है पूरा मामला:** दरअसल, 8वीं की छात्रा आवासीय विद्यालय में रहकर पढ़ाई कर रही है। इसी बीच वह अचानक स्कूल आना बंद कर दी। जब छात्रा को लेकर स्कूल की शिक्षिकाओं ने उसकी सहेलियों से बातचीत की, तो पता चला कि वह गर्भवती हो गई।

**चाइल्ड प्रोटेक्शन कमीशन की टीम पहुंची स्कूल:** गर्भवती होने की खबर जब फैलने लगी तो आवासीय विद्यालय की अधीक्षिका और प्रधान अध्यापिका ने उच्च अधिकारियों को मामले की जानकारी दी। इसके बाद जिला प्रशासन तक मामला पहुंचा। चाइल्ड प्रोटेक्शन कमीशन की टीम विद्यालय पहुंचकर मामले की जांच की। इसके बाद थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई है।

**बच्चे छुट्टी में जाते हैं, वहीं ये सब होता है- प्रधानाध्यापिका:** आवासीय विद्यालय की प्रधानाध्यापिका ने बताया कि उन्हें इसकी जानकारी नहीं है। बच्चे छुट्टी में जाते हैं, वहीं ये सब होता है। बच्चों का मेडिकल टेस्ट अधीक्षिका करवाती हैं। सुकमा खंड शिक्षा अधिकारी सुखराम देवांगन ने कहा कि आवासीय विद्यालय की एचएम ने मामले में उन्हें कोई जानकारी नहीं दी है।

**जिला मिशन समन्वयक को जानकारी नहीं:** वहीं जिला मिशन समन्वयक उमा शंकर तिवारी भी मामले से पल्ला झाड़ते नजर आए। उन्होंने कहा कि मुख्यालय से बाहर होने की वजह से उन्हें जानकारी नहीं है। चाइल्ड प्रोटेक्शन कमीशन वालों को पता होगा।

## जिला विभाजन से प्रभावित खड़गवां के 33 ग्राम पंचायत हुए कोरिया में शामिल

### विधायक ने मुख्यमंत्री का जताया आभार जिले वासियों को दी बधाई



**मीडिया ऑडीटर, बैकुंठपुर कोरिया निप्र।** छत्तीसगढ़ की पूर्व कांग्रेस की भूपेश सरकार और बैकुंठपुर की पूर्व विधायक अंबिका सिंहदेव ने कोरिया जिले का अन्यायपूर्ण विभाजन कराकर जो समस्त जिले के भौगोलिक क्षेत्रों को क्षत विक्षत कर दिया गया था और कोरिया जिले के वजूद को मिटाने का घटिया कृत्य किया गया था । जिसके परिणाम स्वरूप खड़गवां बचरा पोड़ी अंतर्गत 33 ग्राम पंचायत ऐसे थे जिन्हें जिला विभाजन बाद से ही कांग्रेस सरकार ने अधर में लटकाकर रखा था । और इन ग्राम वासियों को जिले में अपनी स्थाई पहचान तक के लिए संघर्ष करना पड़ रहा था । जिसको लेकर उक्त सभी ग्राम वासियों ने बैकुंठपुर विधायक भईया लाल राजवाड़े से अपनी परेशानियों को रखते हुए मांग किया था की हमें पुनः कोरिया जिले में शामिल किया जाए । जिसके मद्देनजर विधायक भईया लाल राजवाड़े द्वारा प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के समक्ष इस बात को रखते हुए उक्त 33 ग्राम पंचायत को कोरिया जिले में शामिल करने की मांग की गई थी । जिसके बाद मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने क्षेत्रीय विधायक के महत्वपूर्ण मांग को अहमियत देते हुए पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्रालय छत्तीसगढ़ ने 6 दिसंबर को राजपत्र में अधिसूचना प्रकाशन कराया और छत्तीसगढ़ पंचायत अधिनियम 1993 की धारा 10 उपधारा 2 धारा 127 के तहत राज्य सरकार ने खड़गवां और बैकुंठपुर विकासखंड की सीमाओं का पुनः निर्धारण कर दिया । जिसके बाद अब नए परिसीमन के अनुसार बैकुंठपुर विकासखंड अंतर्गत 87 ग्राम पंचायत से बढ़कर संख्या 120 हो गई है । कोरिया जिले अंतर्गत बैकुंठपुर विकासखंड में शामिल होने वाले ग्राम सोस,गोविंदपुर,बंजारी डांड, गढ़तर, सागरपुर, गेजी, टेडमा, बड़ेसालही, बड़ेकेलुआ, वैमा, मुगुम, बारी, छुरी, अमका, सकारिया, तोलगा, बचरा, भरदा, कदमबहरा, जिलीबांध, जिल्दा, सांवला, पड़िता, पोड़ी, छोटे साल्ही, चिरमी, इंद्रपुर, ख़धौरा, गणेशपुर, पटमा, ताम डांड, कंहारबहरा, करवा शामिल हुए हैं । विधायक भईया लाल राजवाड़े ने कहा की अन्यायपूर्ण विभाजन का दंश जिस तरह कोरिया जिले के नागरिकों को कांग्रेस की भूपेश सरकार और बैकुंठपुर की पूर्व कांग्रेस विधायक अंबिका सिंहदेव की करतूतों के कारण झेलना पड़ा वह भूलने योग्य नहीं है । विधायक भईया लाल राजवाड़े 33 ग्राम पंचायत को कोरिया जिले में शामिल करने को लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का हृदय से आभार जताया है साथ ही कोरिया जिले वासियों को बधाई दी है ।

## चिरमिरी निवासियों को 550 करोड़ का उपहार : मुख्यमंत्री



**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी निप्र।** छत्तीसगढ़ के मुखिया विष्णु देव साय, अरुण साव उपमुख्यमंत्री व लोक निर्माण तथा नगरी निकाय मंत्री, श्याम बिहारी जायसवाल लोक स्वास्थ्य एवं कल्याण मंत्री श्रीमती रेणुका सिंह विधायक भरतपुर सोनहत चिंतामणि महाराज सांसद सरगुजा के साथ एमसीबी जिला के चिरमिरी पहुंचकर 31 करोड़ से ज्यादा के कार्यों का जहां लोकार्पण किया वहीं 517 करोड़ से ज्यादा के कार्यों का भूमि पूजन भी किया जिसमें चिरमिरी में नवीन जिला चिकित्सालय भवन का शुभारंभ किया गया।

चिरमिरी में आयोजित भव्य समारोह में प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को गरीबों का हमदर्द व मसीहा बतलाया वहीं उपमुख्यमंत्री अरुण साव का कहना था कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साव के नेतृत्व में तेजी से विकास कार्य हो रहे हैं वही चिरमिरी में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि उनका यह प्रवास एमसीबी जिला के विकास के साथ प्रगति के लिए अहम भूमिका निभाएगा और स्वास्थ्य पेयजल सड़क तथा अन्य निर्माण कार्यों से जुड़ी परियोजना से जिले की आधारभूत संरचनाओं का विकास होगा। आपको बता कि मुख्यमंत्री साय ने आज चिरमिरी में अनुविभागीय अधिकारी पुलिस (एसडीओपी) भरतपुर, पद की स्वीकृति करने की भी घोषणा की जो कि प्रस्तावित अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) भरतपुर में कुल 03 थाना, 01 चौंकी एवं 244 गांव शामिल होंगे।

वही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, जनकपुर में 100 बिस्तर अस्पताल सेटअप स्वीकृत करने की घोषणा। भूमिपूजन और लोकार्पण कार्यक्रम में जिले और सरगुजा के जनप्रतिनिधि समेत जिला प्रशासन की पूरी टीम मौजूद रही ।

## लग्जरी कार से इमारती लकड़ी की तस्करी

### पुलिस ने एक लाख की कीमती लकड़ी किया जब्त, आरोपी तस्कर भी गिरफ्तार



**मीडिया ऑडीटर, बलरामपुर एजेंसी।** बलरामपुर जिले में पुलिस ने अवैध इमारती लकड़ी की तस्करी का पर्दाफाश किया है। छतवां गांव की ओर से आ रही एक सफेद रंग की इनोवा कार से लकड़ी की तस्करी की जा रही थी। पुलिस ने नाकेबंदी के दौरान कार्रवाई की। गाड़ी को जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मामला रामानुजगंज थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक रामानुजगंज और विजयनगर पुलिस की ज्वाइंट टीम ने नाकेबंदी की थी। इस दौरान दौरान आरोपी लकड़ी तस्कर ने तेज रफ्तार में भागने के चक्कर में एक वाहन को भी टक्कर मार दी। पुलिस की टीम ने मुस्तैदी से पीछा किया और आरोपी को पकड़ा।

रामानुजगंज थाना प्रभारी रमाकांत तिवारी ने बताया कि रात में विजयनगर चौकी को मुखबिर से सूचना मिली थी। एक सफेद रंग की कार इनोवा वाहन में इमारती लकड़ी को लेकर जाया जा रहा है, जिसकी सूचना पर चौकी विजयनगर और थाना रामानुजगंज की संयुक्त टीम ने नाकेबंदी की।

इस दौरान कार में सवार एक आरोपी को पकड़ा गया। वाहन में लोड 12 नग साल की लकड़ी को जब्त किया है। जब्त लकड़ी की कीमत लगभग एक लाख रुपए आंकी गई है। साथ ही इनोवा कार ष्टत्र 12 5216 को थाने में लेकर आई है।

## मुख्यमंत्री ने सर्व सुविधायुक्त 100 बेड, जिला चिकित्सालय का किया उद्घाटन

# स्वास्थ्य क्षेत्र का बुनियादी ढांचा मजबूत हो इस पर शासन का फोकस है : मुख्यमंत्री



**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी निप्र।** छत्तीसगढ़ राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं के सुधार और विस्तार के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल निरंतर जारी है। उनके नेतृत्व में राज्य के नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने की दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इस दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए आज मनेन्द्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर के बड़ा बाजार चिरमिरी में 100 बेड जिला चिकित्सालय का शुभारंभ मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा किया गया। इससे समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग और जरूरतमंद लोगों को उच्च विशेषज्ञता युक्त सेवा उपलब्ध कराने के लिए जिला अस्पताल को अत्याधुनिक उपकरण से लैस और सर्व सुविधायुक्त बनाया गया है। जिसके तहत अस्पताल में 100 बेड, 08 चिकित्सा विशेषज्ञ, 07 ओपीडी, 80 प्रकार के लैब टेस्ट, 04 ऑपरेशन थिएटर जिसमें 04 ऑपरेशन थिएटर जिसमें 01 चालू है उसको मॉड्यूल ऑपरेशन थिएटर के रूप में परिवर्तित करने का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। इसके साथ ही अस्पताल में 08 बिस्तर वाले आईसीयू की सुविधा भी है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा की स्वास्थ्य क्षेत्र में बुनियादी ढांचा मजबूत हो इस पर शासन का विशेष फोकस है। राज्य में स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार करना शासन की प्राथमिकता में है ताकि मरीजों को बेहतर और सुविधाजनक इलाज मिल सके। उन्होंने जिला अस्पताल के विभिन्न वार्डों, कक्षों सहित मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं का जायजा लिया। उपस्थित मरीजों से उनके स्वास्थ्य के संबंध में जानकारी ली। और उन्हें फल भेट किया साथ ही उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना भी की। इसके साथ ही उन्होंने उपस्थित स्वास्थ्य विभाग की टीम को समर्पित सेवा भाव के साथ कार्य करने की सलाह दी।

मुख्यमंत्री के हाथों चिरमिरी में जिला अस्पताल के लोकार्पण पर स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि आज जिले को 100 बिस्तरीय जिला अस्पताल के रूप में एक बड़ी सौगात मिली है। शासन की प्राथमिकता है कि गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं जनता तक की पहुँच सुलभ हो, जो कि चिरमिरी का जिला अस्पताल पूरा करेगा। उन्होंने आगे कहा की जिलेवासियों को अब एक बेहतर अस्पताल मिल गया है। जिससे चिकित्सा के क्षेत्र में लोगों को सहूलियत मिलेगी।

इस अवसर पर सरगुजा सांसद चिंतामणी महाराज, उप मुख्यमंत्री अरुण साव, विधायक रेणुका सिंह भरतपुर सोनहत), पूर्व विधायक चंपा देवी पावले, अनिल केसरवानी, बबलू शर्मा, श्रीपत राय, महेन्द्र यादव, राजू नायक, रीत जैन, इंदू पनेरिया, मुनमुन जैन, गौरी हथधेन, प्रतिमा पटवा, डमरू बेहरा, राम प्रताप, राम लखन सिंह, वीरेंद्र राना सहित अन्य जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, कलेक्टर डी. राहुल वेंकट, सीएमएचओ डा. अविनाश खरे, डीपीएम डॉ. पुष्पेंद्र सोनी सहित मेडिकल स्टाफ व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# आप ने 20 उमीदवारों की दूसरी सूची जारी की

**नयी दिल्ली ( एजेंसी )।** आम आदमी पार्टी ने दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों की दूसरी सूची सोमवार को जारी की, जिसमें पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को पटपड़गंज के बदले जंगपुरा से उतारा गया है जबकि हाल ही में पार्टी में शामिल हुए कोचिंग कारोबार से जुड़े शिक्षक अवध ओझा को पटपड़गंज से प्रत्याशी बनाया गया है। आप की ओर से जारी सूची में नरेला से दिनेश भारद्वाज, तिमारपुर से सुरेंद्र पाल सिंह बिट्टू, आदर्श नगर से मुकेश गोयल, मुंडका से जसबीर कराला, मंगोलपुरी से राकेश जाटव धर्मरक्षक, रोहिणी ह्वद्द प्रदीप मित्तल, चांदनी चौक से पुनर्दीप सिंह साहनी (सैबी), पटेल नगर से प्रवेश रतन, मादीपुर से राखी बिड़लान, जनकपुरी से प्रवीण कुमार, बिजवासन से सुरेंद्र भारद्वाज, पालम से जोगिंदर सोलंकी, जंगपुरा से मनीष सिसोदिया, देवली से प्रेम कुमार चौहान, त्रिलोकपुरी से अंजना पारचा, पटपड़गंज से अवध ओझा, कृष्णा नगर से विकास बग्गा, गांधी नगर से नवीन चौधरी (दीपू), शाहदरा से पदमश्री जितेंदर सिंह शंटी और मुस्तफाबाद से आदिल अहमद खान को उम्मीदवार बनाया गया है। आम आदमी पार्टी ने कुछ दिन पहले 11 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की थी।

# प्रदेश के नगरीय निकायों में गीता भवन बनाए जाएंगे -मुख्यमंत्री

**भोपाल ( एजेंसी )।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश के नगरीय निकायों में अगले तीन साल में गीता भवन बन कर तैयार हो जाएंगे। राज्य सरकार द्वारा सम्पूर्ण प्रदेश में गीता जयंती महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। भगवान श्री कृष्ण के मुखारविंद से निकली श्रीमद्भगवद् गीता से कर्मवाद की शिक्षा प्राप्त होती है। केवल भारत ही नहीं सम्पूर्ण विश्व में लोग गीता की शिक्षाओं का अनुसरण कर रहे हैं। मध्यप्रदेश में श्री कृष्ण पाथेय का निर्माण किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत प्रदेश में विद्यमान भगवान श्रीकृष्ण से संबंधित सभी स्थलों को तीर्थ के रूप में विकसित किया जाएगा। मध्यप्रदेश में गीता जी को पाठ्यक्रम में सम्मिलित किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि 11 दिसम्बर को गीता जयंती के अवसर पर मध्यप्रदेश सरकार द्वारा भोपाल और उज्जैन में 5 हजार से अधिक भगवत




भक्तों के माध्यम से गीता पाठ का विश्व रिकार्ड बनाया जाएगा। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव के आयोजकों से गीता पाठ से वर्चुअली जुड़ने का आव्हान किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अगले वर्ष के अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव के आयोजन में मध्यदेश को सहभागी बनाने का आग्रह भी किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव कुरूक्षेत्र (हरियाणा) में जारी अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव के अंतर्गत संत सम्मेलन में अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। कार्यक्रम में पंजाब के राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया, स्वामी अवधेशानंद, स्वामी रामदेव, स्वामी ज्ञानानन्द और विश्व हिन्दू परिषद के श्री चम्पत राय के साथ भोज में शामिल हुए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव के आयोजन के लिए बधाई और शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस अवसर पर गीता ज्ञान संस्थान स्थित मंदिर में दर्शन किए और संग्रहालय का अवलोकन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव के अवसर पर कुरूक्षेत्र में बने हरियाणा पेवेलियन और महोत्सव के साझेदार उड़ीसा राज्य के पेवेलियन का अवलोकन भी किया।

# उत्तराखंड में मौसम ने ली करवट, ठिठुरन बढ़ी, नैनीताल में गिरे बर्फ़ के फाहे

**नैनीताल ( एजेंसी )।** उत्तराखंड में मौसम में यकायक हुए बदलाव के बाद सोमवार को सीजन का पहला हिमपात हुआ। कुमाऊं के नैनीताल और अन्य ऊंचाई वाले इलाकों में भी हिमपात हुआ है। मौसम विभाग की भविष्यवाणी सही साबित हुई है। कुमाऊं मंडल के साथ ही सरोवर नगरी नैनीताल में रविवार से मौसम ने करवट ले ली थी। दिनभर बादल छाये रहे और तापमान काफी नीचे चला गया था।

# संसद में रचनात्मक संवाद लोकतंत्र के लिए आवश्यक : धनखड़

**नयी दिल्ली ( एजेंसी )।** राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने संसद में रचनात्मक संवाद की आवश्यकता पर बल देते हुए सोमवार को कहा कि यह सदन संविधान में निहित सिद्धांतों से ही अपनी शक्ति और उद्देश्य प्राप्त करता है और संसद सदस्यों के रूप में इन सिद्धांतों को बनाए रखना और उनकी रक्षा करना सभी कर्तव्य है। श्री धनखड़ ने सुबह सदन की कार्यवाही शुरु करते हुए कहा कि भारत की संविधान सभा का गठन छह दिसंबर, 1946 को हुआ और इसकी पहली बैठक आज ही के दिन यानि नौ दिसंबर, 1946 को हुई थी। इसी दिन भारत के संविधान को गढ़ने के महती कार्य की शुरुआत हुई, जो एक ऐसा दस्तावेज है जो हमारे लोकतांत्रिक गणराज्य की आधारशिला है।

# खरगे ने प्रधानमंत्री पर कसा तंज

**नयी दिल्ली ( एजेंसी )।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार की नीतियों को किसान विरोधी करार देते हुए कहा है कि उनकी सरकार ने किसानों के साथ धोखा किया है और जो वादे खुद श्री मोदी ने किये उन्हें भी पूरा नहीं किया गया है। श्री खरगे ने सोमवार को कहा कि श्री मोदी हरियाणा और राजस्थान के दौरे पर किसानों की समस्याओं पर ध्यान देते हुए उनकी दिक्कतों को समझेंगे और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए उचित रास्ता निकालेंगे। उनका कहना था कि किसान जिन मांगों के लिए बार-बार दिल्ली दरबार में आकर गुहार लगाना चाहते, हैं उन पर उन्हें न्याय दिया जाना चाहिए। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, अन्नदाता किसान को बार-बार क्यों न्याय के लिए दिल्ली की दहलीज़ पर आना पड़ रहा है, नरेन्द्र मोदी जी। आज जब आप हरियाणा व राजस्थान के दौरे पर होंगे, तो उम्मीद है कि अन्नदाता किसान की जद्दोजहद समझने की कोशिश ज़रूर करेंगे। किसान न्याय की गुहार इसलिए लगा रहे हैं , क्योंकि बार-बार आपकी सरकार ने उन्हें धोखा दिया है। श्री खरगे ने मोदी सरकार पर किसानों के साथ धोखा करने का आरोप लगाते हुए कहा, 2022 तक किसानों की आमदनी दोगुनी होने का धोखा, स्वामीनाथन रिपोर्ट के मुताबिक़ इनपुट कॉस्ट के साथ ही 50 प्रतिशत एमएसपी लागू करने का धोखा, एमएसपी को क़ानूनी दर्जा देने के लिए कमेटी बनाने का धोखा, न पर्याप्त खरीदी, न उचित दाम, न कानूनी गारंटी का इंतजाम, ऊपर से खाद-डीएपी व उर्वरकों की भारी कल्लित से किसान परेशान। उन्होंने कहा, आपने किसानों की राह पर कँटीले तारों का जाल बिछाया, फिर से दिल्ली बॉर्डर को छावनी बनाया, आँसू गैस से उनकी शांतिपूर्ण कूच को रोकने का प्रयास किया। इससे पहले उन पर रबर बुलेट दागे और लाठियाँ बरसाईं।

# वन नेशन-वन इलेक्शन इस सत्र में पेश हो सकता है

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** केंद्र सरकार संसद के मौजूदा सत्र में ही %वन नेशन-वन इलेक्शन% बिल पेश कर सकती है। सूत्रों के मुताबिक, सरकार इस बिल पर आम सहमति बनाना चाहती है, लिहाजा संसद से बिल को चर्चा के लिए जॉइंट पार्लियामेंट्री कमेटी के पास भेजा जाएगा। जेपीसी इस बिल पर सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ चर्चा करेगी। इसके अलावा सभी राज्यों की विधानसभाओं के स्पीकर और देशभर के बुद्धिजीवियों और अन्य स्टेकहोल्डर्स को भी इस प्रक्रिया में शामिल किया जाएगा। आम लोगों की भी राय ली जाएगी। इससे पहले सितंबर में केंद्रीय कैबिनेट ने वन नेशन-वन इलेक्शन के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी थी। कैबिनेट मीटिंग के बाद केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा था कि %पहले फेज में विधानसभा और लोकसभा चुनाव साथ होंगे। इसके बाद 100 दिन के भीतर दूसरे फेज में निकाय चुनाव साथ कराए जाएं। वन नेशन वन इलेक्शन पर विचार के लिए पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में 2 सितंबर 2023 को एक पैनल बनाया गया था। इस पैनल ने स्टेकहोल्डर्स-एक्सपर्ट्स से चर्चा के बाद 191 दिन की रिसर्च के बाद 14 मार्च को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को अपनी रिपोर्ट सौंपी थी।

# कश्मीर में ऊंचाई वाले इलाकों में ताजा हिमपात, शीतलहर बढ़ी

**श्रीनगर ( एजेंसी )।** कश्मीर के पर्वतीय इलाकों में ताजा हिमपात के बाद घाटी में शीतलहर और अधिक बढ़ गयी, जिससे रात के तापमान में गिरावट दर्ज की गयी है। मौसम अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि प्रसिद्ध स्की रिजॉर्ट गुलमर्ग में आज तापमान शून्य से 9.0 डिग्री सेल्सियस कम दर्ज किया गया। यहां रविवार को ताजा बर्फबारी हुई। जम्मू-कश्मीर की राजधानी श्रीनगर में सोमवार को न्यूनतम तापमान शून्य से 3.3 डिग्री सेल्सियस कम दर्ज किया गया, जो रविवार के शून्य से 0.5 डिग्री सेल्सियस कम तापमान से काफी कम है। पहलगाम के पर्यटन स्थल पर आज तापमान शून्य से 6.8 डिग्री सेल्सियस



नीचे चला गया, जबकि रविवार को यह शून्य से 2.8 डिग्री सेल्सियस नीचे था, जो सामान्य से 4.0 डिग्री सेल्सियस कम रहा। काजीगुंड में तापमान शून्य से 5.2 डिग्री सेल्सियस कम दर्ज किया गया, जबकि एक दिन पहले यह शून्य से 1.0 डिग्री सेल्सियस नीचे था, जो सामान्य से 4.5 डिग्री सेल्सियस कम है। दक्षिण कश्मीर में ही स्थित कोकरनाग के पिकनिक स्थल पर भी तापमान शून्य से 4.4 डिग्री सेल्सियस नीचे चला गया।

# भाजपा विधायक राहुल नार्वेकर निर्विरोध महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष बने

**मुंबई ( एजेंसी )।** भारतीय जनता पार्टी के विधायक राहुल नार्वेकर को सोमवार को निर्विरोध महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष निर्वाचित घोषित किया गया क्योंकि विपक्षी महा विकास अघाड़ी ने इस पद के लिए नामांकन दाखिल करने से मना कर दिया था। श्री नार्वेकर 14वीं विधानसभा में ढाई साल तक अध्यक्ष रहे थे और उन्होंने शिवसेना तथा राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) से जुड़े महत्वपूर्ण फैसले दिए। वह मुंबई की कोलाबा विधानसभा सीट से फिर से चुने गए।

# राहुल ने मोदी-अडाणी का मुखौटा लगाए सांसदों का इंटरव्यू लिया

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** संसद में सोमवार को राहुल गांधी रिपोर्टर के रोल में दिखे। विपक्ष के दो सांसदों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गौतम अडाणी का मुखौटा लगाया और राहुल से बातचीत की। राहुल ने मोदी-अडाणी के संबंध, अमित शाह की भूमिका और संसद न चलने पर करीब 8 सवाल किए। कांग्रेस ने 1.19 मिनट की बातचीत का वीडियो शेयर किया है। कांग्रेस सांसद मणिकम टैगोर ने गौतम अडाणी का और ह्र्ष्टक्क शरद पवार के सांसद शिवाजीराव आढलराव पाटिल ने प्रधानमंत्री मोदी का मुखौटा पहना।


भाजपा सांसद बोले- राहुल ने



पीएम के लिए अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया भाजपा सांसद दिनेश शर्मा ने कहा कि आज वरिष्ठ नेता संसद में मुखौटा पहनकर खड़े होते हैं और प्रधानमंत्री के बारे में अभद्र भाषा का इस्तेमाल करते हैं... वे देश के लोकतंत्र का सम्मान करना नहीं जानते... हताश, निराश, थके हुए, अस्तित्वहीन नेताओं का समूह कांग्रेस बन गया है और इनसे जुड़ी विपक्षी पार्टियां भी धीरे-धीरे अलग हो रही हैं।

# ममता बोलीं- आप कब्जा करेंगे और हम बैठकर लॉलीपॉप खाएंगे

**कोलकाता ( एजेंसी )।** ममता बनर्जी ने सोमवार को बांग्लादेशी नेताओं के उस बयान का जवाब दिया जिसमें उन्होंने कहा था कि बांग्लादेश का बंगाल, बिहार और ओडिशा पर अधिकार है। ममता ने कहा कि आपको क्या लगता है, आप हमारी जमीन पर कब्जा करने की कोशिश करेंगे तो हम लोग लॉलीपॉप खाते रहेंगे? ममता ने पश्चिम बंगाल विधानसभा



को संबोधित करते हुए लोगों से अपील की कि वे बांग्लादेश में दिए जा रहे बयानों से परेशान न हों। उन्होंने जनता को यकीन दिलाया कि पश्चिम बंगाल हमेशा केंद्र के फैसले का समर्थन करेगा। ममता ने लोगों से कहा कि शांत रहें, स्वस्थ रहें और मन की शांति बनाए रखें। बांग्लादेशी नेता ने कहा था- भारत बांग्लादेश को नुकसान पहुंचा रहा टीएमसी के जॉइंट जनरल सेक्रेटरी रूहुल कबीर रिजवी ने रविवार को पब्लिक मीटिंग में कहा था कि भारत हर कदम पर बांग्लादेश को नुकसान पहुंचा सकता है।

# आंदोलनकारी किसानों को राजमार्गों से हटाने का केंद्र, राज्यों को निर्देश देने की याचिका खारिज

**नयी दिल्ली ( एजेंसी )।** उच्चतम न्यायालय ने राजमार्गों को अवरुद्ध करने वाले प्रदर्शनकारियों और किसानों को वहां से तत्काल हटाने की मांग संबंधी जनहित याचिका सोमवार को यह कहते हुए खारिज कर दी कि यह अदालत संबंधित मामले में पहले से ही सुनवाई कर रही है। न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति मनमोहन की पीठ ने सामाजिक



कार्यकर्ता गौरव लूथरा की याचिका खारिज करते हुए कहा कि इस संबंध में एक याचिका पहले से ही इस अदालत के समक्ष लंबित है। अदालत एक ही मुद्दे पर बार-बार याचिकाओं पर विचार नहीं कर सकती। पीठ ने याचिकाकर्ता के वकील से कहा, इस अदालत ने पहले ही कुछ पहल की हैं। इसके बावजूद आप याचिका दायर करते हैं?। ऐसा लगता है कि कोई यहां दर्शकों को लुभाने के लिए याचिका दायर कर रहा है और प्रचार के लिए याचिका दायर की गई है।

# कांग्रेस के विदेशी संगठन से सांठगांठ पर नहीं चली राज्यसभा

**नयी दिल्ली ( एजेंसी )।** विवादास्पद अमेरिकी निवेशक जॉर्ज सोरोस के वित्त पोषण से चलने वाले एक संगठन के साथ कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी की कथित सांठगांठ को लेकर सोमवार को राज्यसभा में भारी हंगामा हुआ और कार्यवाही दिनभर के लिये स्थगित करनी पड़ी। इससे पहले तीन बार के स्थगन के बाद सभापति जगदीप धनखड़ ने सदन की कार्यवाही आरंभ करते हुए सदन के नेता जगत प्रकाश नड्डा का नाम पुकारा। इस बीच सत्ता पक्ष के सदस्यों ने नारेबाजी शुरु कर दी। इसके जवाब में कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों के सदस्य भी नारेबाजी करने लगे। सभापति ने नारेबाजी कर रहे सदस्यों से शांत होने और सदन के संचालन में सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि सदन को जनभावना अनुरूप काम करना चाहिए और लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करना चाहिए, लेकिन हंगामा और नारेबाजी कर रहे सदस्यों पर इसका कोई असर नहीं हुआ तो उन्होंने सदन की कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित करने की घोषणा कर दी।

# राजस्थान में भजनलाल और उनकी पूरी टीम ने करके दिखाया है शानदार काम: मोदी

**जयपुर ( एजेंसी )।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और उनकी पूरी सरकार की प्रशंसा करते हुए कहा है कि बहुत ही कम समय में यहां भजनलाल और उनकी पूरी टीम ने शानदार काम करके दिखाया है। श्री मोदी ने सोमवार को यहां राइजिंग राजस्थान वैश्विक निवेश शिखर सम्मेलन का उद्घाटन करने के बाद अपने उद्बोधन में कहा कि कुछ ही दिन में राज्य सरकार अपने एक साल भी पूरे करने जा रही है। श्री भजनलाल शर्मा जिस कुशलता और प्रतिबद्धता के साथ राजस्थान के तेज़ विकास में जुटे हैं, वो प्रशंसनीय है। गरीब कल्याण हो, किसान कल्याण हो, युवाओं के लिए नए अवसरों का निर्माण हो, सड़क, बिजली, पानी के काम हों, राजस्थान में हर प्रकार के विकास, उससे जुड़े हुए सारे कार्य तेज़ी से हो रहे हैं। अपराध और भ्रष्टाचार को नियंत्रण करने में जो तत्परता यहां सरकार दिखा रही है, उससे नागरिकों और निवेशकों में नया उत्साह आया है। श्री मोदी ने कहा मेरा हमेशा से विश्वास रहा है- राज्य के विकास से देश का विकास। जब राजस्थान विकास की नई ऊंचाई पर



पहुंचेगा तो देश को भी नई ऊंचाई मिलेगी। उन्होंने कहा कि क्षेत्रफल के हिसाब से राजस्थान, भारत का सबसे बड़ा राज्य है और राजस्थान के लोगों का दिल भी उतना ही बड़ा है। यहां के लोगों का परिश्रम, उनकी ईमानदारी, कठिन से कठिन लक्ष्य को पाने की इच्छाशक्ति, राष्ट्र प्रथम को सर्वोपरि रखने की भावना, देश के लिए कुछ भी कर गुजरने की प्रेरणा, ये आपको राजस्थान की रज-रज में, कण-कण में दिखाई देती है। आजादी के बाद की सरकारों की प्राथमिकता, ना देश का विकास था, और ना ही देश की विरासत। इसका बहुत बड़ा राजस्थान नुकसान उठा चुका है लेकिन आज हमारी सरकार विकास भी विरासत भी इस मंत्र पर चल रही है और इसका बहुत बड़ा लाभ राजस्थान को हो रहा है। उन्होंने कहा कि राजस्थान, राइजिंग तो है ही, रिलाइबल भी है। राजस्थान रिसेप्टिव भी है और समय के साथ खुद को रिफाइन करना भी जानता है। चुनौतियों से टकराने का नाम है- राजस्थान, नए अवसरों को बनाने का नाम है- राजस्थान। राजस्थान के इस आर-फेक्टर में अब एक और पहलू जुड़ चुका है। राजस्थान के लोगों ने यहां भारी बहुमत से बीजेपी की रेसपोन्सिव और रिफोर्मिस्ट सरकार बनाई है। राजस्थान के राइज को और ज्यादा फील करने के लिए राजस्थान के रियल पोटेन्सियल को रिलाइज करना बहुत जरूरी है। राजस्थान के पास प्राकृतिक संसाधनों का भंडार है। राजस्थान के पास आधुनिक कनेक्टिविटी का नेटवर्क है, एक समृद्ध विरासत है, एक बहुत बड़ा लैंडमास है और बहुत ही समर्थ युवा शक्ति भी है। यानि रोड से लेकर रेलवेज तक, हॉस्पिटैलिटी से हैंडीक्राफ्ट तक, फार्म से लेकर फोर्ट तक राजस्थान के पास बहुत कुछ है। राजस्थान का ये सामर्थ्य, राज्य को इन्वेस्टमेंट के लिए बहुत ही आकर्षक स्थान बनाता है। राजस्थान की एक और विशेषता है। राजस्थान में सीखने का गुण है, अपना सामर्थ्य बढ़ाने का गुण है।

और इसीलिए तो अब यहाँ रेतीले धोरों में भी पेड़, फलों से लद रहे हैं, जैतून और जेट्रोपा की खेती का काम बढ़ रहा है। जयपुर की ब्लू पॉटरी, प्रतापगढ़ की थेवा ज्वेलरी और भीलवाड़ा का टेक्सटाइल इनोवेशन...इनकी अलग ही शान है।

## 2025 का शेड्यूल कब होगा जारी? टूर्नामेंट शुरू होने में महज कुछ ही दिन बचे

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पाकिस्तान में अगले साल की शुरुआत में होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी को लेकर अभी तक तस्वीरें साफ नहीं हो पाई है। जहां पीसीबी ने आईसीसी के दबाव के बाद बीसीसीआई के अनुरोध करने पर हाइब्रिड मॉडल में टूर्नामेंट आयोजित करने की सहमति जता दी है। वहीं इस टूर्नामेंट को फरवरी-मार्च में शुरू होना है लेकिन अभी तक इसका शेड्यूल जारी नहीं हुआ है। हालांकि, आईसीसी या बीसीसीआई ने शेड्यूल जारी करने की समयसीमा के बारे में कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है। अब तक शेड्यूल नहीं आने से फैंस भी हैरान हैं। भारत में टूर्नामेंट के आधिकारिक प्रसारण भागीदार स्टार स्पोर्ट्स के पास है। स्टार नेटवर्क ने आगामी टूर्नामेंट के लिए अभियान शुरू करने के लिए एक विज्ञापन जारी किया है। वहीं विज्ञापन में भारतीय खिलाड़ी विराट कोहली, जसप्रीत बुमराह, रोहित शर्मा और अन्य खिलाड़ियों के साथ-साथ इसमें हिस्सा लेने वाले अलग-अलग देशों के खिलाड़ी भी शामिल हैं। जिससे ये पुष्टि होती है कि टूर्नामेंट होने वाला है और भारतीय क्रिकेट टीम इसमें भाग लेगी। विज्ञापन में ये भी बताया गया है कि टूर्नामेंट जल्द ही शुरू होने वाला है, जिससे पता चलता है कि जल्द ही इसके शेड्यूल की घोषणा हो सकती है।

## आईसीसी ने सुनाई मोहम्मद सिराज और ट्रैविस हेड को सजा




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय टीम के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज और ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज ट्रैविस हेड को बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी सीरीज के दूसरे टेस्ट के दौरान मैदान पर हुई घटना के लिए आईसीसी ने सजा सुनाई है। हालांकि, मोहम्मद सिराज पर कुछ ज्यादा ही सख्ती आईसीसी द्वारा दिखाई गई है, जबकि ट्रैविस हेड को सिर्फ फटकार के तौर पर डिमेरिट पॉइंट दिया गया है। सिराज को खिलाड़ी एंड प्लेयर सपोर्ट स्टाफ केलिए आईसीसी आचार संहिता के आर्टिकल 2.5 के उल्लंघन का दोषी पाया गया है। सिराज पर मैच फीस का 20 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है, जो ऐसी भाषा, क्रिया या हाव-भाव का इस्तेमाल करने से संबंधित है जो अपमानजनक है या जो आउट होने पर बल्लेबाज से आक्रामक प्रतिक्रिया को भड़का सकता है। ट्रैविस हेड को भी लगभग तरह के आर्टिकल का दोषी पाया गया है। हालांकि, उनकी मैच फीस नहीं काटी गई है। ट्रैविस हेड पर प्लेयर्स एंड प्लेयर सपोर्ट स्टाफ के लिए आईसीसी कोड ऑफ कंडक्ट के आर्टिकल 2.13 के उल्लंघन के लिए दंडित किया गया है, जो किसी अंतर्राष्ट्रीय मैच के दौरान किसी खिलाड़ी, खिलाड़ी सहायक कर्मियों, अंपायर या मैच रेफरी के साथ दुर्व्यवहार से संबंधित है। सिराज और हेड को उनके अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में एक-एक डिमेरिट अंक मिला, जो पिछले 24 महीनों के भीतर उनका पहला अपराध था। दोनों खिलाड़ियों ने अपने-अपने अपराधों को स्वीकार किया और मैच रेफरी रंजन मदुगले द्वारा प्रस्तावित प्रतिबंधों को स्वीकार कर लिया।

## अगले 24 घंटे में पता चल जाएगा कि तीसरा टेस्ट मैच खेलूंगा या नहीं -जोश हेजलवुड

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** साइड स्ट्रेन' से उबर रहे ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड ने एडिलेड ओवल में दो पूरे स्पेल गेंदबाजी करने के बाद कहा कि अगले 24 घंटे में यह पता चल जाएगा कि वह भारत के खिलाफ बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के तीसरे टेस्ट मैच में खेल पाएंगे या नहीं। हेजलवुड चोटिल होने के कारण यहां खेले गए दिन रात्रि टेस्ट मैच में नहीं खेल पाए थे।

ऑस्ट्रेलिया ने यह मैच तीसरे दिन ही 10 विकेट से जीत लिया था। इससे हेजलवुड को मैच की परिस्थितियों में गेंदबाजी करने का मौका मिला। तीसरा टेस्ट मैच शनिवार से ब्रिस्बेन में खेला जाएगा। हेजलवुड ने पत्रकारों से कहा,'' मेरा तीसरे टेस्ट मैच में खेलना अगले 24 घंटे में मेरी फिटनेस की प्रगति पर निर्भर करेगा। निश्चित तौर पर दो स्पेल गेंदबाजी करना काफी अंतर पैदा करते हैं।'' उन्होंने कहा,''अभी कुछ छोटी-छोटी चीज हैं जिन पर प्रगति हासिल करना बाकी है लेकिन अगले 24 घंटे महत्वपूर्ण है। अगले दिन फिर से गेंदबाजी करना और यह सोचना महत्वपूर्ण है कि मैं फिर से गेंदबाजी करने के लिए तैयार हूं। '' इस अनुभवी तेज गेंदबाज का साइड स्ट्रेन का पुराना रिकॉर्ड रहा है लेकिन उन्होंने कहा कि अगर एडिलेड टेस्ट वर्तमान सत्र का आखिरी टेस्ट होता तो वह इसमें जरूर खेलते। हेजलवुड ने कहा,''यह जरूरी नहीं है कि यह सामान्य साइड स्ट्रेन हो जिससे मैं पहले भी जूझ चुका हूं, इसलिए हम किसी तरह का जोखिम नहीं लेना चाहते थे।

## डब्ल्यूटीसी फाइनल में पहुंचने का समीकरण बदला




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** साउथ अफ्रीका ने श्रीलंका को दो मैचों की टेस्ट सीरीज में हराकर बेहतरीन जीत दर्ज की है। वहीं इस जीत से साउथ अफ्रीका वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप की पॉइंट्स टेबल में टॉप पर आ गया है। लेकिन इससे टीम इंडिया और ऑस्ट्रेलिया की मुश्किलें बढ़ गई हैं। फिलहाल, आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचने का सिनेरियो अब बदल चुका है। इसके अलावा श्रीलंका के लिए टॉप-2 में फिनिश करना अब बहुत ज्यादा मुश्किल हो गया है। साउथ अफ्रीका के लिए सीधे वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचने का एक ही तरीका है कि वे पाकिस्तान के खिलाफ अपने बाकी बचे दो डब्ल्यूटीसी मैचों में से एक में जीत दर्ज कर लें तो वे डब्ल्यूटीसी फाइनल का टिकट हासिल कर लेंगे। अगर साउथ अफ्रीका दोनों मैच जीत जाती है तो संभवत वह नंबर एक पर डब्ल्यूटीसी पॉइंट्स टेबल में फिनिश करेगी। अगर टीम दोनों मैच हार जाती है तो फिर फाइनल के कंटेशन से बाहर हो सकती है। उस स्थिति में भारत और ऑस्ट्रेलिया के टॉप-2 में फिनिश करने के चांस होंगे। वहीं ऑस्ट्रेलियाई टीम एडिलेड में भारत को हराकर अस्थायी रूप से डब्ल्यूटीसी पॉइंट्स टेबल में टॉप पर वापस आ गई थी, लेकिन अगले ही दिन साउथ अफ्रीका ने उसकी बादशाहत को खत्म कर दिया और उसे दूसरे नंबर पर धकेल दिया। ऐसे में ऑस्ट्रेलिया को डब्ल्यूटीसी फाइनल का टिकट अपने दम पर कटाना है तो भारत को बाकी बचे तीन मैचों में हराना होगा। इसके अलावा श्रीलंका के खिलाफ 2-0 से जीत भी दर्ज करनी होगी। अगर बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 2-2 की बराबरी पर खत्म होती है तो इस हालात में ऑस्ट्रेलिया को भारत से ऊपर रहने के लिए श्रीलंका में कम से कम एक टेस्ट मैच जीतना होगा और फिर दक्षिण अफ्रीका के परिणामों पर निर्भर रहना होगा। अगर ऑस्ट्रेलिया भारत से 2-3 से हार जाता है तो उन्हें दक्षिण अफ्रीका के परिणामों पर निर्भर किए बिना आगे बढ़ने के लिए श्रीलंका को दोनों टेस्ट में परास्त करना होगा।

टीम इंडिया के इस डब्ल्यूटीसी साइकिल में तीन मुकाबले बाकी हैं, जो मौजूदा टेस्ट सीरीज में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेले जाने हैं। अगर भारतीय टीम बाकी बचे तीनों मैच जीत जाती है तो अपने दम पर लगातार तीसरी बार वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल खेल सकती है। अगर टीम दो मैच जीतती है और एक ड्रॉ करा लेती है तो भी फाइनल खेल सकती है, लेकिन सीरीज का नतीजा 2-2 से बराबर रहता है तो फिर भारत को उम्मीद करनी होगी कि ऑस्ट्रेलिया और श्रीलंका के बीच दोनों टेस्ट ड्रॉ रहें। ऐसे में भारत और ऑस्ट्रेलिया दोनों का जीत प्रतिशत 55.26 प्रतिशत बराबर हो जाएगा और भारत सीरीज जीतने के आधार पर फाइनल में पहुंच जाएगा। अगर ऑस्ट्रेलिया ने श्रीलंका के खिलाफ एक भी मैच जीता तो फिर टीम इंडिया बाहर हो जाएगी। अगर श्रीलंका ने 2-0 से टेस्ट सीरीज अपने नाम की तो फिर ऑस्ट्रेलिया बाहर हो जाएगी।

साउथ अफ्रीका में सीरीज हारने के बाद श्रीलंका के डब्ल्यूटीसी में पहुंचने की संभावनाएं काफी कम हो गई हैं, लेकिन अभी भी एक चांस है कि श्रीलंका की टीम फाइनल में पहुंच सकती है। इसके लिए उसे ऑस्ट्रेलिया को 2-0 से हराना होगा और उनका जीत प्रतिशत 53.85 प्रतिशत हो जाएगा। इसके अलावा अगर साउथ अफ्रीका को पाकिस्तान से 2-0 से हार मिलती है तो उनके अंक घटकर 52.78 प्रतिशत हो जाएंगे। इस केस में ऑस्ट्रेलिया या भारत में से कोई एक ही श्रीलंका के 53.85 प्रतिशथ के आंकड़े को पार कर सकता है। इसके अलावा एक और समीकरण है कि अगर दक्षिण अफ्रीका पाकिस्तान के खिलाफ कम से कम एक ड्रॉ मैच खेलती है तो उनका जीत प्रतिशत 55 प्रतिशत से ऊपर रहेगा। इस स्थिति के बाद बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी ऑस्ट्रेलिया 2-1 से जीते और दो मैच ड्रॉ रहें। ऐसे में ऑस्ट्रेलिया और भारत दोनों से श्रीलंका से ऊपर रहेगी।

## जय शाह के बीसीसीआई को मिला नया कार्यवाहक सचिव



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बीसीसीआई अध्यक्ष रोजर बिन्नी द्वारा देवजीत सैकिया को बोर्ड का कार्यवाहक सचिव नियुक्त किया है। वे जय शाह की जगह लेंगे, जिन्होंने 1 दिसंबर से आईसीसी के नए अध्यक्ष का पदभार संभाला है। असम के रहने वाले सैकिया फर्स्ट क्लास क्रिकेटर हैं। वे वर्तमान में बीसीसीआई के संयुक्त सचिव हैं।

रोजर बिन्नी ने बीसीसीआई के नियमों और विनियमों के तहत स्थायी सचिव की नियुक्ति होने तक सैकिया को कार्यवाहक सचिव नियुक्त करने के लिए अपनी संवैधानिक शक्तियों का इस्तेमाल किया। सैकिया को संबोधित एक पत्र में, जो न्यूज एजेंसी पीटीआई के पास है, बिन्नी ने सैकिया को सचिवीय शक्तियां सौंपने के लिए बीसीसीआई संविधान के खंड 7(डी) का हवाला दिया, जो असम के महाधिवक्ता भी हैं।

बीसीसीआई अध्यक्ष रोजर बिन्नी ने देवजीत सैकिया को लिखा कि, पद रिक्त होने या अस्वस्थ होने की स्थिति में अध्यक्ष किसी अन्य पदाधिकारी को कार्यभार सौंप देंगे, जब तक कि पद विधिवत रूप से भर नहीं जाता। इसी कारण से मैं सचिव का कार्यभार आपको सौंपता हूं, जब तक कि बीसीसीआई के नियमों के मुताबिक निर्धारित प्रक्रियाओं द्वारा सचिव का पद नहीं भर दिया जाता।

बता दें कि, 1969 में जन्में देवजीत सैकिया गुवाहाटी के रहने वाले हैं। 1984 में वो असम की तरफ से सीके नायडू ट्रॉफी खेले थे। ईस्ट जोन की टीम में वह सौरव गांगुली के साथ भी खेले थे। 1991 में उन्होंने बतौर विकेटकीपर बल्लेबाज असम के लिए रणजी ट्रॉफी डेब्यू किया था। हालांकि, कम उम्र में ही पढ़ाई पर फोकस करने के लिए उन्होंने प्रोफेशनल क्रिकेट को छोड़ दिया था। इकोनॉमिक्स में मास्टर्स करने के बाद उन्होंने लॉ की डिग्री ली और वकील बने।

## मोहम्मद शमी का घरेलू क्रिकेट में जलवा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारतीय टीम दूसरा टेस्ट मैच गंवा दिया। इस मौके पर भारतीय टीम में किसी खिलाड़ी की कमी खल रही है तो वह मोहम्मद शमी हैं। शमी की गैरहाजिरी में जसप्रीत बुमराह को दूसरे छोर से किसी और गेंदबाज से अच्छी मदद नहीं मिल रही। एडिलेड टेस्ट में ये नजर आया। हालांकि, अब भारतीय टीम की ये टेंशन दूर होती दिख रही। सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में बंगाल की तरफ से खेल रहे शमी ने चंडीगढ़ के खिलाफ प्री-क्वार्टर फाइनल में पहले बल्ले से दम दिखाया और फिर नई गेंद से अच्छी गेंदबाजी की।

शमी ने जब बंगाल टीम को सबसे ज्यादा जरूरत थी, तब ही नंबर-10 पर आकर बल्ले से प्रहार किया। शमी ने चंडीगढ़ के खिलाफ 17 गेंद में नाबाद 32 रन ठोके। उन्होंने 2 छक्के मारे और तीन चौके उड़ाए। शमी की इस पावर हिटिंग के दम पर बंगाल ने 20 ओवर में 9 विकेट पर 159 रन बनाए। इसके बाद शमी ने नई गेंद से कमाल की गेंदबाजी की ओर चंडीगढ़ के ओपनर अर्सलान खान को पहली ही गेंद पर आउट कर दिया।

## ऑस्ट्रेलिया को पछाड़ कर टॉप पर पहुंचा साउथ अफ्रीका

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप पॉइंट्स टेबल में साउथ अफ्रीका ने बादशाहत हासिल कर ली है। साउथ अफ्रीका ने सोमवार को श्रीलंका के खिलाफ दूसरे टेस्ट में 109 रनों से धमाकेदार जीत दर्ज की है। साउथ अफ्रीका ने एक दिन में ही ऑस्ट्रेलिया से बादशाहत छीन ली। ऑस्ट्रेलियाई टीम रविवार को भारत को दूसरे टेस्ट में 10 विकेट से हराकर टॉप पर पहुंची थी। साउथ अफ्रीका 63.33 प्रतिशत अंकों के साथ टॉप पर है। उसने श्रीलंका को दो टेस्ट की घरेलू सीरीज में सूपड़ा साफ किया। साउथ अफ्रीका ने पहला मैच 233 रनों से जीता था।




टेम्बा बावुमा की अगुवाई वाली साउथ अफ्रीकी टीम की जीत से टीम इंडिया का सिरदर्द बढ़ गया है। ऑस्ट्रेलिया फिलहाल 60.71 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है। वहीं, रोहित शर्मा की कप्तानी वाली भारतीय टीम एडिलेड में हार के बाद तीसरे स्थान पर खिसक चुकी है। भारत के 57.29 प्रतिशत अंक है। भारत की डब्ल्यूटीसी फाइनल की राह अब और दुश्वार हो गई है। खिताबी मुकाबले में पहुंचने के लिए टॉप-2 में रहना जरूरी है। अगर भारत को सीधे फाइनल में पहुंचना है तो ऑस्ट्रेलिया टेस्ट सीरीज के बचे तीन मैचों को जीतना होगा।

भारत को अगर ऑस्ट्रेलिया से एक भी मैच में हार मिली तो समीकरण काफी बिगड़ सते हैं। साथ ही अन्य टीमों के नतीजों पर भी निर्भर सहना पड़ सकता है। दरअसल, भारतीय टीम वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2023-25 चक्र की अपनी आखिरी सीरीज खेल रही है। दूसरी ओर, ऑस्ट्रेलिया को भारत के बाद श्रीलंकाई सरजमीं पर दो टेस्ट खेलने हैं। साउद अफ्रीका को मौजूदा चक्र में पाकिस्तान के विरुद्ध दो टेस्ट में उतरना है। ऐसे में ऑस्ट्रेलिया या साउथ अफ्रीका की बाद में फाइनल में पहुंचने की संभावना रहेगी लेकिन रोहित ब्रिगेड को फिर चांस नहीं मिलने वाला।

## फैंस के लिए ऑस्ट्रेलिया ने खोले दरवाजे

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया और भारतीय टीमों के बीच तीसरा टेस्ट मैच ब्रिस्बेन में है। इस समय सीरीज में दोनों टीमें 1-1 से बराबरी पर है। ऐसे में ब्रिस्बेन में दोनों टीमों की नजर लीड हासिल करने पर होगी। इस मैच से पहले ही टीम इंडिया ये साफ कर चुकी है कि वह अपने प्रैक्टिस सेशन में फैंस के लिए न खोलने का फैसला किया। हालांकि, मेजबान टीम ने ठीक इसके उलट काम किया है। ऑस्ट्रेलियाई टीम ने सोमवार को ऐलान किया कि फैंस ब्रिस्बेन में अभ्यास सेशन देख सकते हैं। ट्वीट करते हुए लिखा, गुरुवार को हम फैंस का स्वागत करेंगे। आप आकर ऑस्ट्रेलिया की पुरुष टीम को देख सकते हैं जो कि तीसरे टेस्ट की तैयारी कर रही होगी। उन्होंने दर्शकों के लिए फ्री एंट्री रखी है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक एडिलेड टेस्ट अभ्यास के दौरान फैंस भारतीय टीम का ट्रेनिंग सेशन देखने आए थे। कुछ दर्शकों की अभद्र टिप्पणियों से खिलाड़ियों को परेशान हुई। ऑस्ट्रेलिया के अभ्सा सत्र को देखने के लिए जहां सीमित संख्या में दर्शक पहुंचे थे, वहीं हजारों लोग भारतीय टीम को देखने के लिए एकत्र हुए।



# समाधान ऑनलाइन से जुड़ी व सौ दिन से अधिक की शिकायतों का करें निराकरण

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने कहा कि सभी अधिकारी स्वयं समाधान ऑनलाइन के एजेण्डा बिन्दुओं की शिकायतों का निराकरण करें। बार-बार निर्देश देने के बावजूद कई अधिकारी लगातार लापरवाही बरत रहे हैं। इसी तरह सीएम हेल्पलाइन में 50 दिन तथा 100 दिनों से अधिक समय से लंबित आवेदनों का भी प्राथमिकता से निराकरण करें। समाधान ऑनलाइन के एजेण्डा बिन्दुओं पर 1851 तथा 100 दिन से अधिक की 8764 शिकायतें लंबित हैं। महिला एवं बाल विकास विभाग, खाद्य विभाग, ऊर्जा विभाग, पीएचई, राजस्व विभाग, गृह विभाग, जल संसाधन विभाग, शिक्षा विभाग, श्रम विभाग, वित्त विभाग, ट्राईबल विभाग तथा सामान्य प्रशासन विभाग शिकायतों के निराकरण पर विशेष ध्यान दें।



कलेक्टर ने कहा कि नगरीय निकायों में नालियों और सड़कों की साफ-सफाई से जुड़ी शिकायतें बड़ी संख्या में लंबित हैं। सभी सीएमओ साफ-सफाई कराकर शिकायतों का दो दिवस में संतुष्टिपूर्वक निराकरण कराएं। सभी सीएमओ निर्धारित मुख्यालय छोड़ने से पहले जिला शहरी परियोजना अधिकारी से अनिवार्य रूप से अनुमति लें। कलेक्टर ने लंबित प्रकरणों में लापरवाही बरतने पर सीएमओ चाकघाट, सेमरिया तथा गुढ़ को वेतनवृद्धि रोकने का नोटिस देने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने बैठक से अनुपस्थित तथा सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों में कार्यवाही न करने पर प्रभारी जिला प्रबंधक कुटीर उद्योग एवं हथकरघा को नोटिस देने तथा जिला प्रबंधक प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के वेतन आहरण पर रोक के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि सभी एसडीएम राजस्व महाभियान के बिन्दुओं पर लंबित राजस्व प्रकरणों का दो दिवस में निराकरण कराएं। महाभियान की अवधि 26 जनवरी तक बढ़ा दी गई है। इस अवधि तक नवम्बर तथा दिसम्बर माह में दर्ज राजस्व प्रकरणों, किसान सम्मान निधि की ई केवाईसी एवं नक्शा तरमीम के प्रकरणों के निराकरण के विशेष प्रयास करें। साथ ही उचित मूल्य दुकानों एवं धान खरीदी केन्द्रों का नियमित रूप से निरीक्षण कर व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। बैठक में नलजल योजनाओं की प्रगति, सड़कों में सुधार तथा बिजली की आपूर्ति एवं खाद वितरण की भी समीक्षा की गई। बैठक में आयुक्त नगर निगम डॉ सौरभ सोनवड़े, अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी, संयुक्त कलेक्टर पीके पाण्डेय, डिप्टी कलेक्टर श्रेयस गोखले, सभी एसडीएम तथा संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# जनकल्याण अभियान के विभागीय लक्ष्य तत्काल तय करें

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने जनकल्याण अभियान के तैयारियों की समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि जिले के नगरीय निकायों के प्रत्येक वार्ड और ग्रामीण क्षेत्रों में 11 दिसम्बर से 26 जनवरी तक मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान चलाया जाएगा। अभियान के दौरान सभी विभागों के सभी पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाएगा। सभी अधिकारी विभागीय योजनाओं में शेष बचे हितग्राहियों का चिन्हांकन करके विभागीय लक्ष्य तत्काल निर्धारित कर लें। अभियान के संबंध में शासन द्वारा दिए गए निर्देशों में शामिल सभी योजनाओं में शत-प्रतिशत लक्ष्यपूर्ति अनिवार्य रूप से की जाएगी। इसके लिए नगरीय निकाय के प्रत्येक वार्ड और प्रत्येक ग्राम पंचायत में शिविर लगाए जाएंगे। अपर कलेक्टर शिविर का पूरा कार्यक्रम आज ही तैयार करके प्रस्तुत करें। प्रत्येक शिविर के लिए नोडल अधिकारी की ड्यूटी लगाएं। शिविर की निगरानी के लिए सेक्टर आफीसर तैनात करें। अभियान के लिए सभी विकासखण्डों तथा जिला स्तर पर कंट्रोल रूम बनाकर पूरी मॉनीटरिंग सुनिश्चित करें।

कलेक्टर ने कहा कि जनकल्याण अभियान के तहत विभागीय योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों तथा आवेदन पत्रों के निराकरण की जानकारी प्रतिदिन ऑनलाइन दर्ज की जाएगी। इसे सीएम हेल्पलाइन पोर्टल पर विकासखण्ड और जिला स्तर से दर्ज किया जाएगा। इसके लिए कंट्रोल रूम में प्रशिक्षित कम्प्यूटर आपरेटर तथा अधिकारी तैनात करें। चिन्हित हितग्राहियों को शिविरों में भी योजनाओं से लाभान्वित करने का प्रयास करें। जो हितग्राही शेष रहेंगे उन्हें 26 जनवरी को आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह और ग्राम पंचायतों में आयोजित विशेष ग्राम सभाओं में लाभान्वित करें। अभियान के दौरान कोई भी अधिकारी बिना अनुमति मुख्यालय न छोड़े। सभी एसडीएम अपने अनुभाग में लगाए जाने वाले शिविरों की मॉनीटरिंग करें तथा प्रतिदिन रिपोर्ट प्रस्तुत करें। राजस्व महाभियान भी 26 जनवरी तक बढ़ा दिया गया है। शिविरों में राजस्व विभाग की सेवाओं सहित राजस्व प्रकरणों का भी प्राथमिकता से निराकरण कर किसानों को लाभान्वित करें। बैठक में कलेक्टर ने विभागवार चिन्हित योजनाओं की जानकारी देते हुए हितग्राहियों के चिन्हांकन के निर्देश दिए। बैठक में आयुक्त नगर निगम डॉ सौरभ सोनवड़े, अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी, संयुक्त कलेक्टर पीके पाण्डेय, डिप्टी कलेक्टर श्रेयस गोखले, सभी एसडीएम तथा संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में दो मरीजों का हुआ किडनी ट्रांसप्लांट



## उप मुख्यमंत्री ने मरीजों की कुशल क्षेम जानी, चिकित्सकों के दल को दी बधाई

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** सुपर स्पेशलिटी अस्पताल गंभीर रोगों के इलाज व स्वास्थ्य सुविधाओं के लिये विन्ध्य अंचल में अपनी विशिष्ट पहचान बना चुका है। अस्पताल में चिकित्सकों द्वारा गंभीर रोगों जैसे ह्यदय रोग के मरीजों के वायपास एंजियोग्राफी एवं इजियोप्लास्टी के अतिरिक्त किडनी ट्रांसप्लांट भी किया जा रहा है और लोगों को अब इलाज के लिये बाहर जाने की जरूरत नहीं पड़ती।

सुपर स्पेशलिटी के चिकित्सकों ने गत दिवस दो मरीजों को आयुष्मान योजना के तहत किडनी का ट्रांसप्लांट किया जिनमें से एक मरीज रीवा जिले का तथा एक मरीज सतना जिले का है। किडनी ट्रांसप्लांट के बाद दोनों मरीजों का स्वास्थ्य सुधार की ओर है। प्रदेश के उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने रीवा प्रवास के दौरान देर रात सुपर स्पेशलिटी अस्पताल पहुंचकर दोनों मरीजों की कुशल क्षेम जानी तथा उनके पूर्णतः स्वस्थ्य होने की कामना की उन्होंने सफल किडनी ट्रांसप्लांट के लिये चिकित्सकों व उनके साथ के दल को बधाई दी। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि चिकित्सकों के सेवाभाव व समर्पण भाव से सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में गंभीर रोगों का इलाज हो रहा है और अब लोगों को इलाज के लिये बाहर नही जाना पड़ता। आयुष्मान योजना सभी के लिये वारदान बन गई है। इस दौरान उप मुख्यमंत्री ने अस्पताल में इलाज करा रहे अन्य मरीजों व उनके परिजनों से भेंट की तथा उन्हें शीघ्र स्वस्थ्य होने की शुभकामना दी। उन्होंने अस्पताल का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का निरीक्षण भी किया।

**एमपी में सुरक्षित नहीं सरकारी स्कूल**

# गांव के दबंग नशे में स्कूल के अंदर घुसकर शिक्षकों से कर रहे अभद्रता, वीडियो वायरल

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** एमपी में इन दिनो दबंगों के हौसले इतने ज्यादा बुलंद हो चुके है की वह अब सरकारी स्कूलों को भी अपना निशाना बनाते हुए दिखाई दे रहे है. ताजा मामला रीवा के एक शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का है जहां गांव के दबंग शराब के नशे में स्कूल के अन्दर घुसकर शिक्षको को अभद्र गाली देते हुए दिखाई दे रहे है इस दौरान स्कूल के दफ्तर में महिला शिक्षिका भी उपस्थित दिखाई दे रही है घटना के दौरान शिक्षक शिक्षिकाएं डरे सहमे बैठे हुए दिखाई दिए तथा दफ्तर में मौजूद किसी व्यक्ती ने पूरे घटना क्रम का वीडियो अपने मोबाईल कैमरे में कैद कर लिया जो अब सोशल मीडिया में बडी तेजी के साथ वायरल हो रहा है।



मामला रीवा जिले के मनगवां विधानसभा क्षेत्र के गंगेव में स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जोरौट का है जहां बीते 5 दिसंबर को गांव के ही कुछ दबंग शराब के नशे में विद्यालय में स्थित दफ्तर के अन्दर प्रवेश कर गए और वहां पर उपस्थित शिक्षको के साथ जमकर गाली गलौज की घटना के दौरान दफ्तर में महिला शिक्षिका भी उपस्थित थी लेकिन शराब के नशे में दबंगो ने इसकी भी परवाह नहीं की और दफ्तर में रखे टेबल पर बैठकर लगातार भद्दी भद्दी गालियां देते रहे. इसी दौरान किसी व्यक्ती ने पूरे घटना क्रम का वीडियो अपने मोबाईल कैमरे में कैद कर लिया जिसके बाद अब स्कूल में शिक्षको के साथ दबंगो के द्वारा गाली गलौज किए जाने का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है।

घटना को लेकर एडिशनल एसपी अनिल सोनकर ने कहा की सोशल मीडिया के माध्यम से एक वीडियो प्राप्त हुआ है. वायरल वीडियो के अवलोकन से एसा प्रतीत होता है की जोरौट स्कूल में कोई व्यक्ती अंदर घुसकर अपशब्दों का प्रयोग कर रहा है. वायरल वीडियो के संबंध में गंगेव चौकी प्रभारी को सूचना दी गई है. संबंधित व्यक्ति से सूचना लेकर ऐसे व्यक्तियों के विरूद्ध गंभीर कार्रवाई के निर्देश दिए गए है।

# अवकाश के दिनों में कार्यालय में तैनात रखें कर्मचारी

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** प्रदेश के साथ-साथ मऊगंज जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में 11 दिसम्बर से 26 जनवरी 2025 तक मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान चलाया जाएगा। अभियान के दौरान केन्द्र सरकार और राज्य सरकार की सभी हितग्राही मूलक योजनाओं के पात्र हितग्राहियों को शत-प्रतिशत लाभान्वित किया जाएगा। इसे ध्यान में रखते हुए कलेक्टर मऊगंज अजय श्रीवास्तव ने सभी कार्यालयों में शनिवार, रविवार तथा अन्य अवकाश के दिनों में कर्मचारी तैनात रखने के आदेश दिए हैं। कलेक्टर ने कहा है कि सभी कार्यालय प्रमुख अपने विभागीय योजनाओं के पात्र हितग्राहियों के शत-प्रतिशत आवेदन पत्र प्राप्त करने के लिए जिम्मेदार अधिकारी और कर्मचारी तैनात करें। अभियान की अवधि में प्रत्येक हितग्राही को शासन की योजनाओं का लाभ देते हुए हितलाभ का वितरण कराएं। जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी और मुख्य नगर पालिका अधिकारी अपने कार्यालय से कलेक्टर कार्यालय तक सूचनाओं के आदान-प्रदान के लिए कर्मचारी तैनात करें।

# समर्थन मूल्य पर 227624 क्विंटल हुई धान की खरीद

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** किसानों को उनकी उपज का अधिकतम मूल्य देने के लिए पंजीकृत किसानों से जिले भर में बनाये गये 92 खरीदी केन्द्रों में समर्थन मूल्य पर धान का उपार्जन 2 दिसंबर से किया जा रहा है। किसानों से एफएक्यू धान 2300 रूपये प्रति धक्कटल की दर से सहकारी समितियों द्वारा खरीदी जा रही है। जिले में अब तक 3769 किसानों से अब तक 227624 क्विंटल धान की खरीद की गयी है। इस संबंध में संयुक्त कलेक्टर एवं प्रभारी अधिकारी खाद्य पीके पाण्डेय ने बताया कि अब तक की गयी खरीदी के लिए किसानों को 52 करोड़ 35 लाख 7 हजार 167 रूपये मंजूर किये जा चुके हैं। सभी खरीदी केन्द्रों में आगामी 10 दिवस की खरीदी के लिए पर्याप्त मात्रा में बारदाने उपलब्ध करा दिये गये हैं। किसान अपनी सुविधा के अनुसार स्लॉट बुक करके खरीदी केन्द्र और खरीदी के समय का निर्धारण करके समर्थन मूल्य पर धान दे सकते हैं। खरीदी के लिए अब तक 23 हजार 316 किसानों ने स्लॉट बुक कराये हैं। किसान खरीदी केन्द्रों में सुखाकर तथा साफ करके धान लायें जिससे गुणवत्ता के कारण धान के उपार्जन में किसी तरह की परेशानी न हो।



**उपार्जन केन्द्रों के लिये नोडल अधिकारी नियुक्तः** समर्थन मूल्य पर उपज की खरीदी के लिये निर्धारित उपार्जन केन्द्रों में खरीदी की सतत मानीटरिंग व उपार्जन कार्य को समयावधि में सुचारू तौर पर सम्पादित कराने के उद्देश्य से कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल द्वारा कृषि विस्तार अधिकारियों को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। खरीदी केन्द्र रिमारी व चौखण्डी के लिये आनंद मसोरे, जवा के लिये सोनाली पाण्डेय, दादर, डभौरा के लिये के.के. कोल, अकौरी के लिये राजेश सिंह, अमिलिया के लिये प्रदीप कुमार, पथरहा के लिये रामसुशील गुप्ता, बड़ागांव के लिये रामसुरेश कोल, कंजी के लिये स्मिता मिश्रा, हरदुआ व बसामन मामा के लिये जयनारायण प्यासी, खारा व साधना वेयर हाउस के लिये ऋषिका त्रिपाठी तिलखन व बीओटी वेयर हाउस उमरी के लिये काजोल गौतम एवं बदरांव व बीओटी वेयर हाउस उमरी के लिये शालिनी मिश्रा को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। कलेक्टर ने नोडल अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वह उपार्जन केन्द्रों पर उपार्जन अवधि में लगातार उपस्थिति रहकर केन्द्रों में पंजीकृत किसानों द्वारा लाये गये अनाज धान की गुणवत्ता/एफ.ए.क्यू. मापदण्ड का अनाज उपार्जित करायेंगे। प्रत्येक दिन उपार्जन केन्द्रों पर किसानों द्वारा लाये गये अनाज का उपार्जन उसी दिन पर्याप्त संसाधन लगाकर करायें। किसान को उसके द्वारा विक्रय किये गये अनाज की कम्प्यूटरीकृत पावती अनिवार्य रूप से उपलब्ध करायी जाकर एक प्रति में किसान की पावती लेकर सुरक्षित रखी जावे, यह भी सुनिश्चित करें कि किसानों से उपार्जन के संबंध में (बोरा भरने, तौल करने, सिलाई करने, छल्ली लगाने आदि) की कोई राशि उपार्जन केन्द्र प्रभारी/ऑपरेटर द्वारा न लिया जाये।

# शिक्षक संगठन का प्रांतीय सम्मेलन जनवरी में

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** शासकीय शिक्षक संगठन जिला इकाई रीवा की कार्यसमिति की बैठक शहर के विवेकानंद पार्क में आयोजित की गई। जहां पर प्रांतीय महामंत्री यशपाल शर्मा भी मौजूद रहे। शर्मा ने बताया कि आगामी जनवरी महीने में रीवा में संगठन का प्रांतीय सम्मेलन आयोजित किए जाने की योजना है। उक्त सम्मेलन में पूरे प्रदेश से अध्यापक संवर्ग के कर्मचारी रीवा आयेंगे। जिसमें संगठन के सभी पदाधिकारियों के साथ ही सभी शिक्षकों को इसकी तैयारी में जुटना होगा। उन्होंने कहा कि प्रांतीय और जिला इकाई के बीच समन्वय लगातार बना रहेगा, कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी जाएगी। कार्यक्रम की तारीखों का ऐलान भी जल्द होने की संभावना है। बैठक में तय किया गया है कि शासकीय शिक्षक संगठन रीवा के जिलाध्यक्ष चन्द्रोदय मिश्रा, महासचिव संतोष मिश्रा, जवा ब्लाक अध्यक्ष मिथिलेश तिवारी, सिरमौर ब्लाक अध्यक्ष अरविंद सिंह, गंगेव ब्लाक अध्यक्ष रामाधार द्विवेदी, त्योथर ब्लाक अध्यक्ष रघुवंश प्रसाद तिवारी, जिला संयोजक अशोक शुक्ला, स्वतंत्र पाण्डेय आदि की कमेटी तैयारी से जुड़ा अपडेट सभी तक पहुंचाएगी।

# सेनाध्यक्ष उपेन्द्र द्विवेदी और प्रोफेसर अच्युत सामंत को मिलेगी मानद उपाधि

## दीक्षांत समारोह की तैयारियां पूरी, राज्यपाल की मौजूदगी में होगा भव्य आयोजन

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय में 12 दिसंबर को आयोजित किए जाने वाले दीक्षांत समारोह की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। राज्यपाल मंगूभाई पटेल की अध्यक्षता में आयोजित किए जाने वाले इस कार्यक्रम में दो मानद उपाधियां भी दी जाएंगी। जिसमें सेनाध्यक्ष जनरल उपेन्द्र द्विवेदी और उड़ीसा के प्रोफेसर अच्युत सामंत का नाम प्रस्तावित किया गया है। इसमें जनरल द्विवेदी अन्य व्यस्तता की वजह से कार्यक्रम में नहीं पहुंचेंगे। उनके परिजन आएंगे। वहीं अच्युत सामंत के आने की पुष्टि हो गई है। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ला मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। साथ ही विशिष्ट अतिथि के रूप में शौर्य डोभाल मौजूद रहेंगे। शौर्य उत्तराखंड में भारतीय जनता पार्टी के नेता हैं। ये राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल के पुत्र हैं। पहला मौका होगा जब शौर्य डोभाल रीवा में किसी सार्वजनिक कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। विश्वविद्यालय प्रबंधन ओर से करीब दस से अधिक नामों की सूची तैयार की गई थी जिसमें विशिष्ट अतिथि के तौर पर शौर्य डोभाल का नाम प्रस्तावित किया गया है। इनके नाम पर अंतिम मुहर विश्वविद्यालय कार्यपरिषद की 11 दिसंबर को होने वाली बैठक में लगेगी।

# स्कूलों में पुस्तकें और ड्रेस निर्धारण में पारदर्शिता के निर्देश

## संभागायुक्त ने कलेक्टर को पत्र लिखकर व्यवस्था बनाने के लिए कहा

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** निजी स्कूलों में पुस्तक और ड्रेस सहित अन्य शुल्क लगातार बढ़ाया जा रहा है। जिसकी वजह से अभिभावक लगातार परेशान हो रहे हैं। संभागायुक्त के पास पहुंची शिकायत के बाद इस मामले में व्यवस्था बनाने के लिए कलेक्टर को पत्र कमिश्नरी द्वारा लिखा गया है। अधिवक्ता बीके माला के साथ कई अभिभावकों ने बीते महीने संभागायुक्त को ज्ञापन सौंपा था जिसमें मांग उठाई थी कि हर साल निजी स्कूलों द्वारा नई पुस्तकें निर्धारित कर दी जाती हैं और इनकी कीमत भी हर साल बढ़ाई जा रही है। जिसकी वजह से आर्थिक भार अभिभावकों पर बढ़ता है। इस ज्ञापन में कहा गया था कि अगले सत्र में



पुस्तकें निर्धारित करने की प्रक्रिया शुरू की गई है, अभी से इस पर निगरानी रखी जाए ताकि अभिभावकों को लुटने से बचाया जा सके। एनसीईआरटी की पुस्तकों के विपरीत निजी प्रकाशक, दुकानदार और स्कूल संचालकों की मिली भगत की वजह से आगामी सत्र में भी अभिभावकों को आर्थिक देने की तैयारी की जा रही है। इस संबंध में संभागायुक्त के निर्देश पर कमिश्नरी के संयुक्त आयुक्त ने कलेक्टर को पत्र लिखा है। जिसमें शिकायती पत्र भी भेजा गया है और कहा गया है कि बिन्दुवार इसमें कार्रवाई की जाए और संबंधित को भी की गई कार्रवाई से अवगत कराया जाए।

# प्रोग्रेसिव पेंशनर एसोसिएशन की बैठक में जुटे जिलेभर के पदाधिकारी

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसियेशन जिला शाखा रीवा की बैठक संघ कार्यालय कोठी कम्पाउण्ड में आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष बीरेन्द्र कुमार तिवारी ने की। बैठक में जिलेभर के पदाधिकारियों की उपस्थिति में संगठन के विस्तार एवं पेंशनर दिवस की तैयारी के संबंध में चर्चा कर प्रस्ताव पारित किए गए। पदाधिकारियों ने तय किया कि 17 दिसम्बर को संघ कार्यालय कोठी कम्पाउण्ड में ही पेंशनर्स दिवस का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस दौरान निर्णय लिया गया कि 80 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके करीब 60 पेंशनरों का शाल व श्रीफल देकर सम्मान किया जाएगा। इस संबंध में कई पेंशनरों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं यह भी निर्णय लिया कि संगठन का तहसील स्तर पर विस्तार किया जाएगा। बैठक में प्रमुख रूप से नरेश कुमार द्विवेदी, रामकुशल तिवारी, अरूण कुमार मिश्र, हीरामणि मिश्रा, न्याजुल्ला खांन, अमिरूल्ला खांन, राजकिशोर तिवारी, रामयश मिश्र, जानकी प्रसाद वर्मा, यदुवीर द्विवेदी, सिद्धमुनि पाण्डेय, राजर्षिदेव पाण्डेय, जगजीवन पाण्डेय सहित सैकड़ों पेंशनर्स उपस्थित थे।

# शिविर लगाकर सात दिनों में लक्ष्य के अनुसार आयुष्मान कार्ड बनाने के निर्देश

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने 70 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियों के आयुष्मान कार्ड बनाने की समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि पिछले दो दिनों में जिले भर में आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए लगाए गए शिविरों में 6024 कार्ड बनाए गए हैं। प्रत्येक विकासखण्ड में 15 से 20 हजार पात्र व्यक्ति आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए शेष हैं। स्वास्थ्य विभाग, ग्रामीण विकास विभाग महिला एवं बाल विकास विभाग तथा खाद्य विभाग मिलकर शिविर लगाएं। आगामी सात दिनों तक लगातार शिविर लगाकर लक्ष्य के शत-प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाएं।

कलेक्टर ने कहा कि प्रत्येक जनपद कार्यालय तथा मुख्य नगरपालिका अधिकारी कार्यालय में अभियान के लिए कंट्रोल रूम बना दें। इसमें स्वास्थ्य विभाग के भी कर्मचारी तैनात रहें। शिविरों में नगरीय क्षेत्रों में वार्ड प्रभारी तथा ग्राम पंचायतों में रोजगार सहायक तथा स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी आयुष्मान कार्ड बनाएं। पात्र हितग्राहियों को आंगनवाड़ी कार्यकर्ता तथा आशा कार्यकर्ता कार्ड बनाने के लिए शिविरों तक पहुंचाएं। यदि कोई व्यक्ति अधिक आयु के कारण शिविर में नहीं आ सकता है तो घर जाकर उसके आयुष्मान कार्ड बनाएं। समग्र पोर्टल से 70 वर्ष से अधिक आयु के हितग्राहियों की सूची निकालकर उन्हें आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए शिविरों तक ले जाएं। जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, सीएमओ तथा बीएमओ लगातार शिविरों की निगरानी करके समस्त व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। गत दो दिन के शिविरों में जवा विकासखण्ड में सबसे अच्छा कार्य किया गया है। बैठक में आयुक्त नगर निगम डॉ सौरभ सोनवड़े ने मोबाइल एप और पोर्टल के माध्यम से स्वयं आयुष्मान कार्ड बनाने की जानकारी दी। बैठक में अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी, सभी एसडीएम, जनपद के सीईओ, सीएमओ तथा बीएमओ उपस्थित रहे।



## घर बैठे बना सकते हैं बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड

आयुष्मान भारत योजना के तहत पात्र व्यक्तियों को आयुष्मान कार्ड जारी किए गए हैं। इसकी सहायता से एक वर्ष की अवधि में पाँच लाख रुपए तक के उपचार की सहायता दी जाती है। शासन द्वारा 70 वर्ष से अधिक आयु के सभी व्यक्तियों के आयुष्मान कार्ड बनाए जा रहे हैं। इसके लिए आधार कार्ड में अंकित जन्मतिथि को आधार माना गया है। इस संबंध में आयुक्त नगर निगम डॉ. सौरभ सोनवणे ने बताया कि जिले में 70 साल से अधिक आयु के एक लाख 45 हजार व्यक्तियों के आयुष्मान कार्ड बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके लिए शहरी क्षेत्र के सभी वार्डों, ग्राम पंचायतों तथा सभी अस्पतालों एवं संजीवनी केन्द्रों में शिविर लगाए जा रहे हैं। आशा कार्यकर्ता, स्वास्थ्य कार्यकर्ता, एएनएम तथा सीएचओ द्वारा आयुष्मान कार्ड बनाए जा रहे हैं। आयुक्त नगर निगम ने बताया कि घर बैठे भी आयुष्मान कार्ड बनाने की सुविधा है। इसके लिए बस एन्ड्रायॅड फोन की आवश्यकता होगी। अपने फोन पर आयुष्मान एप डाउनलोड कर लें। इसमें निर्धारित विवरण दर्ज कर दें। आधार कार्ड और समग्र आईडी की जानकारी दर्ज करने के बाद दर्ज किए गए मोबाइल नम्बर पर ओटीपी आएगा। इसे दर्ज करने पर आयुष्मान कार्ड डाउनलोड हो जाएगा। यदि ओटीपी दर्ज करने के बाद किसी तरह का एरर दिखाई देता है तो पुनः क्लिक करके ओटीपी प्राप्त करें। इसमें पंजीयन होने के बाद आयुष्मान कार्ड जनरेट हो जाएगा। इसे आसानी से डाउनलोड किया जा सकता है।

# कमिश्नर मऊगंज में आज करेंगे समीक्षा

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का मऊगंज जिले में दौरा कार्यक्रम 14 दिसम्बर को प्रस्तावित है। रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद कलेक्टर कार्यालय मऊगंज के सभागार में 10 दिसम्बर को प्रातः 10.30 बजे से आयोजित बैठक में मुख्यमंत्री जी के दौरे की तैयारियों की समीक्षा करेंगे। कलेक्टर मऊगंज अजय श्रीवास्तव ने सभी संबंधित अधिकारियों को बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं।

स्वत्वाधिकारी मुद्रक/प्रकाशक संदीप द्विवेदी द्वारा मीडिया ऑडीटर पब्लिकेशन प्रा.लिमि. राजीव मार्ग निराला नगर रीवा से मुद्रित कर मीडिया ऑडीटर कार्यालय राजीव मार्ग निराला नगर रीवा से प्रकाशित, **संपादक संदीप द्विवेदी**, आर.एन.आई नं. 69082/97, डाक पंजीयन क्र.- म. प्र./ रीवा संभाग/ 46/2023-2025, प्रधान कार्यालय रीवा (सिटी कार्यालय चक्रधर सिटी सेंटर रीवा) फोन. नं. 9589645803, 7974467831 Mediaauditor1@gmail.com सभी विवादों का न्याय क्षेत्र रीवा होगा।